दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 228 | जयपुर | रविवार, 22 जून, 2025 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## संक्षिप्त समाचार

### फिक्र अभी बाकी है..., 2025 में अपनी भूमिका पूछे जाने पर बोले नितिन गडकरी

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2029 आम चुनाव में अपनी भूमिका पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए शनिवार को दावा किया कि पिछले 11 वर्षों में जो कुछ देखा गया वह सिर्फ एक न्यूज रील था और असली फिल्म अभी आनी बाकी है। हालांकि, वरिष्ठ भाजपा नेता ने जोर देकर कहा कि पार्टी अपने पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय करती है, उन्होंने कहा कि वह जिस भी क्षमता में उनके लिए काम देगी, वह काम करेंगे।



नितिन गडकरी ने नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर उदय निरगुडकर को दिए साक्षात्कार में कहा, अभी तक जो हुआ है वो तो न्यूज रील थी। असली फिल्म शुरू होना और बाकी है। गडकरी ने कहा, पार्टी कार्यकर्ता की जिम्मेदारियां और वह क्या काम करेगा, यह तय करती है। मुझे जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, मैं उसे पूरा करूंगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने कभी अपना राजनीतिक बायोडेटा प्रकाशित नहीं किया है और न ही उन्होंने कभी समर्थकों से हवाईअड्डों पर उनके लिए भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है। गडकरी ने कहा कि उनकी व्यक्तिगत इच्छा विदर्भ में किसानों की आत्महत्या को रोकने की दिशा में काम करना है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा, आजकल मैं सड़क निर्माण के बजाय कृषि और अन्य सामाजिक पहलों पर अधिक काम करता हूं। यह पूछे जाने पर कि भारत की प्रति व्यक्ति आय दुनिया में शीर्ष 10 में क्यों नहीं है, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसके लिए देश की जनसंख्या जिम्मेदार है। जनसंख्या नियंत्रण विधेयक का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा, यह कोई धार्मिक या भाषाई मुद्दा नहीं है। यह एक आर्थिक मुद्दा है। इतना विकास होने के बावजूद, परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं। इसका कारण बढ़ती जनसंख्या है।

### कब बहाल होगी सिंधु जल संधि? शाह का जवाब सुनकर उड़ जाएगी शरीफ की नींद

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि सिंधु नदी प्रणाली से भारत और पाकिस्तान के बीच जल बंटवारे को नियंत्रित करती है। हालांकि, भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद इस संधि को स्थगित कर दिया, जिसमें 26 नागरिक मारे गए।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को बहाल करने से साफ इनकार कर दिया है और कहा है कि भारत इसके बजाय नदी के पानी को अपने आंतरिक उपयोग के लिए मोड़ देगा। टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए गए साक्षात्कार में जब शाह से छह दशक पुराने समझौते की स्थिति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि नहीं, इसे कभी बहाल नहीं किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ने कहा, हम नहर बनाकर पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी को राजस्थान में ले जाएंगे। पाकिस्तान को वह पानी नहीं मिलेगा जो उसे अनुचित तरीके से मिल रहा है।



# राजस्थान में बारिश से सड़कें बनीं दरिया;बाइक बही, कार फंसी

## बांध-तालाब का बढ़ने लगा जल स्तर, झरने बहे; सामान्य से 90% ज्यादा बरसात

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में मानसून को एंट्री किए चार दिन हो गए हैं। अब तक मानसून आधे से ज्यादा राजस्थान को कवर कर चुका है। शनिवार सुबह से ही प्रदेश के अलग-अलग जिलों में इसका असर रहा। अजमेर, चित्तौड़गढ़, जोधपुर, जयपुर, भीलवाड़ा में तेज बारिश हुई। वहीं, राज्य के बाकी हिस्सों में भी रुक-रुककर बारिश का दौर जारी रहा। लगातार हो रही बारिश से चंबल के बांधों में पानी बढ़ने लगा है। लगातार जल स्तर बढ़ने के कारण जवाहर सागर बांध से 6758 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। इसके चलते कोटा बैराज के दो गेट खोलकर 7466 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। कोटा बैराज के दो गेट सुबह 7 बजे 6-6 फीट खोले गए। चित्तौड़गढ़ में पिछले 24 घंटे में हुई अच्छी बरसात के कारण धनेश्वर महादेव क्षेत्र के गंगारिया तालाब में पानी की आवक हुई है। यहां पहले 10 प्रतिशत ही पानी था। अभी तक लगभग 30 प्रतिशत से ज्यादा पानी की आवक हो चुकी है। चित्तौड़गढ़ में रात से ही बारिश हो रही है।भीलवाड़ा में सिर्फ आधे घंटे की बारिश में सड़कें दरिया बन गईं। पुराने भीलवाड़ा सहित शहर के निचले हिस्सों में पानी भर गया। यहां सड़क धंसने से गड्ढे में गाड़ी फंस गई।मौसम विभाग के अनुसार 20 जून तक प्रदेश में औसत 25.1एमएम बारिश होती है, अब तक 47.6एमएम हो चुकी है। जो अब तक 90 प्रतिशत से ज्यादा है।



### नाला-सीवर सफाई न होने से सड़कों पर जाम, यातायात व्यवस्था चरमराई : खाचरियावास

राजधानी जयपुर में मानसून की पहली बारिश ने ही शहर की व्यवस्था को पूरी तरह से बेपटरी कर दिया है। पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने इस स्थिति पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले नालों और सीवरेज की सफाई नहीं की गई। इसके कारण शहर में जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई है। सड़कों पर पानी भर जाने से वाहन फंस रहे हैं। यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है खाचरियावास ने राज्य सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मानसून से पहले आवश्यक तैयारियां नहीं की गईं। न तो नालों से मलबा निकाला गया और न ही सीवरेज की सफाई की गई।

### जयपुर में मानसून की पहली बारिश में कीचड़-पानी भराः मुहाना मंडी में प्लेटफॉर्म पर रह गईं सब्जियां

जयपुर में मानसून की पहली ही बारिश ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। शहर के अलग-अलग इलाकों की तरह मुहाना मंडी में भी बारिश के कारण हालात बिगड़ गए। पूरे मंडी परिसर में जलभराव, कीचड़ और गंदगी फैल गई। सीवर लाइन और नालियों के डैमेज होने के कारण दुकानों के बेसमेंट तक में पानी भर गया, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।बारिश और गंदगी के कारण सोमवार को मंडी में खरीददार बेहद कम संख्या में पहुंचे। व्यापारी टमाटर, खीरा, पत्ता गोभी, बैंगन, नींबू, हरी मिर्च जैसी सब्जियां लेकर पहुंचे थे, लेकिन खरीदार नहीं आए। प्लेटफॉर्म पर सब्जियां रखी रहीं और कई किसान उन्हें वहीं छोड़कर लौट गए। कुछ व्यापारियों ने खराब हो चुकी सब्जियां फेंक दीं।फल-सब्जी संयुक्त व्यापार महासंघ, मुहाना मंडी के अध्यक्ष पीएल प्रजापति ने बताया कि 2008 में मंडी में सीवर लाइन डाली गई थी, लेकिन निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। आज स्थिति यह है कि पूरी सीवर लाइन डैमेज हो चुकी है और नालों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। मंडी में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं और बदबू के कारण वहां रुकना मुश्किल हो गया है।प्रजापति ने बताया कि व्यापारी हर साल मंडी समिति को करोड़ों रुपए टैक्स के रूप में देते हैं, लेकिन बदले में कोई सुविधा नहीं मिल रही। बारिश में हालात इतने खराब हो जाते हैं कि व्यापार करना मुश्किल हो गया है। हर बार बारिश में मंडी की यही स्थिति होती है, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा।मंडी में सब्जियां लेकर पहुंचे किसानों ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से उम्मीद की थी कि अनाज की तरह सब्जियों को भी उचित मूल्य मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। खाद, सिंचाई, ट्रांसपोर्ट और मेहनत की लागत निकालना भी अब मुश्किल हो गया है। मंडी में भंडारण की भी उचित व्यवस्था नहीं है। ऐसे में उन्हें मजबूरी में सब्जियां फेंकनी पड़ रही हैं या फिर गौशाला को देनी पड़ रही हैं।



# ईरान का एयरस्पेस खुलवा धड़ाधड़ भारतीयों को वापस ला रही सरकार

## अब 310 और तिरंगा थामे वतन लौटे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** विदेश मंत्रालय और तेहरान में भारतीय दूतावास द्वारा इस अभियान की बारीकी से निगरानी की गई, जिसमें छात्रों की यात्रा और आगमन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गईं। अधिकारियों ने पुष्टि की कि विमान ने दिन में पहले तेहरान से उड़ान भरी और बिना किसी घटना के दिल्ली में उतरा।

ईरान के तेहरान से 310 भारतीय छात्रों को लेकर एक विशेष उड़ान 21 जून की शाम को दिल्ली में सुरक्षित रूप से उतरी, जिससे उनके लौटने का इंतजार कर रहे परिवारों को राहत मिली। छात्रों को बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच, उनके सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारतीय अधिकारियों द्वारा समन्वित प्रयास के तहत निकाला गया था। विदेश मंत्रालय (MEA) और तेहरान में भारतीय दूतावास द्वारा इस अभियान की बारीकी से निगरानी की गई, जिसमें छात्रों की यात्रा और आगमन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गईं। अधिकारियों ने पुष्टि की कि विमान ने दिन में पहले तेहरान से उड़ान भरी और बिना किसी घटना के दिल्ली में उतरा।



आगमन पर स्वास्थ्य और आव्रजन प्रोटोकॉल का पालन किया गया और हवाई अड्डे पर छात्रों को आवश्यक सहायता प्रदान की गई। छात्रों और धार्मिक तीर्थयात्रियों सहित भावुक वापसी करने वालों ने बढ़ते इजरायल-ईरान संघर्ष के बीच उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# फ्लाइट में फ्यूल कम था, पायलट ने मेडे कॉल की

## गुवाहाटी से चेन्नई जा रही इंडिगो फ्लाइट की बेंगलुरु में इमरजेंसी लैंडिंग, 168 पैसेंजर्स थे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अहमदाबाद प्लेन हादसे के करीब एक हफ्ते बाद एक और फ्लाइट के पायलट ने मेडे (MAYDAY) कॉल किया था। इंडिगो की गुवाहाटी-चेन्नई फ्लाइट के पायलट ने यह इमरजेंसी कॉल किया था। जानकारी शनिवार को सामने आई है। घटना 19 जून की है। पायलट ने विमान में फ्यूल की काफी कमी देखी थी, इसके बाद उसने ऋ्टर (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) को मेडे यानी इमरजेंसी कॉल की थी। हालांकि, इस फ्लाइट की तुरंत बेंगलुरु एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे में यात्रियों समेत कुल 270 लोग मारे गए थे। लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी।प्लेन टेकऑफ के कुछ सेकेंड बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था। इस हादसे में भी पायलट ने मेडे कॉल की थी।



बेंगलुरु एयरपोर्ट के अधिकारियों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि इंडिगो की फ्लाइट के पायलट ने गुवाहाटी से टेकऑफ के बाद देखा कि विमान में पर्याप्त ईंधन नहीं है। चेन्नई आ रही फ्लाइट को बेंगलुरु डायवर्ट कर दिया गया। इसमें 168 पैसेंजर्स थे।बेंगलुरु एयरपोर्ट पर री-फ्यूलिंग के बाद इस फ्लाइट को चेन्नई रवाना किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फ्लाइट के पायलट्स को फिलहाल ड्यूटी से हटा दिया गया है।

### अहमदाबाद हादसे में एक्शन एयर इंडिया के तीन अफसर हटाए

शनिवार को अहमदाबाद हादसे के बाद DGCA ने शनिवार को एअर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने का आदेश दिया। इनमें डिविजिनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लानिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं।तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। DGCA ने एअर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया। उधर, एअर इंडिया ने कहा कि DGCA के आदेश को लागू कर दिया गया है। कंपनी के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर अगले आदेश तक इंटीग्रेटेड ऑपरेशन्स कंट्रोल सेंटर की सीधी निगरानी करेंगे। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, आदेश 20 जून को दिया गया था, जो आज सामने आया।

# गैंगस्टर्स को व्यापारियों के मोबाइल नंबर देता था पूर्व कमांडो

## लॉरेंस गैंग के लिए कर रहा था काम;6 साल पहले पुलिस से बर्खास्त, अब गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान पुलिस में रहते हुए गैंगस्टर आनंदपाल और लॉरेंस के लिए काम करने वाले बर्खास्त कमांडो को एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने गिरफ्तार किया है। सर्विस से निकाले जाने के बाद आरोपी पूरी तरह गैंग के साथ मिलकर काम कर रहा था। वह गैंगस्टर्स को व्यापारियों के नंबर उपलब्ध करवाता था। आरोपी के खिलाफ राजस्थान में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। चूरू पुलिस ने आरोपी प्रवीण सिंह जोड़ी (43) पुत्र भगवान सिंह पर 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया- आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम काफी समय से काम कर रही थी। लेकिन आरोपी का कोई सुराग नहीं लग रहा था। इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। हमारी टीम ने अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए बर्खास्त कमांडो प्रवीण के बारे में खुफिया जानकारी जुटाई। इसी दौरान हेड कॉन्स्टेबल नरेंद्र सिंह को जानकारी मिली कि आरोपी शनिवार को चूरू के राजगढ़ रोड पर आने वाला है। इस पर टीम एक्टिव की गई। उसे शनिवार को गिरफ्तार किया गया।



### प्रवीण का खाकी से गैंगस्टर तक का सफर

दिनेश एमएन ने बताया- आरोपी गैंगस्टर प्रवीण सिंह जोड़ी चूरू के भालेरी थाना स्थित गांव जोड़ी का रहने वाला है। वह कभी पुलिस विभाग का ही हिस्सा था। साल 2001 में झालावाड़ में कॉन्स्टेबल के पद पर भर्ती हुआ था।लॉरेंस गैंग के मुख्य शूटर अंकित भादू को शरण देने और कुख्यात आनंदपाल गैंग से सक्रिय रूप से जुड़े होने के कारण उसे 22 मई 2019 को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था।बर्खास्त होने के बाद प्रवीण ने अपराध की दुनिया में अपनी जड़ें गहरी कर लीं। वह आनंदपाल सिंह गैंग और लॉरेंस गैंग के लिए काम करने लगा। उसके काम में व्यापारियों के मोबाइल नंबर रोहित गोदारा और वीरेंद्र जैसे गैंगस्टर को उपलब्ध कराना शामिल था।इसके बाद ये गैंगस्टर व्यापारियों को धमकी देकर फिरौती वसूलते थे।

# जयपुर में एग्जाम देते विधायक-छात्रनेता को पुलिस ने पकड़ा:पुलिस बोली-निर्मल चौधरी के साथ MLA अभिमन्यु पूनिया जबरदस्ती गाड़ी में घुसे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान यूनिवर्सिटी से छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष निर्मल चौधरी और संगरिया (हनुमानगढ़) के विधायक अभिमन्यु पूनिया को पुलिस ने हिरासत में लिया है। दोनों शनिवार सुबह यूनिवर्सिटी में दर्शन शास्त्र का एक एग्जाम दे रहे थे, उसी दौरान पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। कैंपस में सुबह से ही सिविल ड्रेस में पुलिस ने डेरा डाल रखा था। दोनों नेताओं को हिरासत में लेते देख कुछ छात्र कैंपस में हंगामा करने लगे। हालांकि पुलिस की गाड़ी जाने के बाद मामला शांत हो गया। उधर, डीसीपी ईस्ट ने कहा कि अभिमन्यु पूनिया को पुलिस ने हिरासत में नहीं लिया है। वो निर्मल चौधरी के साथ खुद ही गाड़ी में जबरन घुस गए।



डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया कि साल 2022 में निर्मल चौधरी ने तत्कालीन सीआई गांधीनगर नेमीचंद और एसीपी गांधीनगर मुकेश चौधरी के साथ हाथापाई की थी। इस दौरान नेमीचंद के हाथ में फ्रैक्चर हुआ था। मुकेश चौधरी के सिर पर चोट लगी थी। इस मामले में पुलिस ने कई छात्र नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच में आरोप प्रमाणित पाए जाने पर आज गिरफ्तार किया।

गौतम ने कहा कि विधायक अभिमन्यु पूनिया को पुलिस लेकर नहीं आई थी। वह खुद निर्मल को बचाने के कारण गाड़ी में बैठ गए थे।


होम डिलेवरी | सुस्वागतम् | एसी. व्यवस्था

## श्री श्याम रेस्टोरेन्ट



शुद्ध शाकाहारी लाजवाब, स्वादिष्ट खाना, उत्तम सर्विस, साथ ही गार्डन रेस्टोरेन्ट की लॉन के बीच उचित व्यवस्था।



फैमिली की अलग से बैठने की व्यवस्था

शाही खाना साधारण रेट पर

बर्ड डे पार्टी, शादी पार्टी, किट्टी पार्टी

एवं अन्य शुभ अवसरों की पार्टियों का आयोजन किया जाता है।

पैकिंग की उत्तम व्यवस्था

एक बार सपरिवार पधारकर सेवा का मौका अवश्य दें।

टोंक रोड, गोनेर मोड़, रेल्वे फाटक के बीच पीपल के पेड़ के पास, J.N.I.T. College, Y.I.T. College के सामने, सांगानेर, जयपुर

रतन भैरवा मो. : 97998-86970



सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बूंदी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि।बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# पाथरेड़ी कृषि महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )** । श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के अन्तर्गत कृषि महाविद्यालय पाथरेड़ी में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों और स्टाफ ने डॉ. डी. के. बैरवा के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार के योगासन किए। छात्रों और स्टाफ ने ताडासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, भ्रदासन, व्रकासन, मकरासन, भुजंगासन, चकासन, मुक्तासन, सुखासन, अनुलाम विलोम, भ्रामरी आदि योगासनों का प्रदर्शन किया। इन योगासनों के माध्यम से उन्होंने अपने शरीर और मन को स्वस्थ और तनाव मुक्त रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समन्वयक और प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. प्रवीण पिलानियों ने बताया कि वर्ष 2025 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग है। इस थीम के माध्यम से लोगों को योग के महत्व और इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक किया गया। कालेज के डीन डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि भारत में प्राचीन काल से योग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है, एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ती है, और तन और मन तनाव मुक्त रहते हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि योग शुरू करते समय अपनी उम्र और वजन का ध्यान रखना आवश्यक है। नियमित योग करने से शरीर का लचीलापन बढ़ता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। उन्होंने छात्रों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रवीण कुमार हटवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. ओमेश कुमार, कुन्दन मीना, अजय जाजोरिया, सचिन गुर्जर, सुश्री चेतना मीना, सुमन, रविन्द्र, सुनील, सरजीत यादव और अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# कोतवाली थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई में एक गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** कोतवाली थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई में एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 8 किलोग्राम 156 ग्राम गांजा और एक बाइक बरामद की गई है।कोतवाली थाना प्रभारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में टीम ने मनेमा का पुरा तिराहा जलसेन के पास नाकाबंदी की। इस दौरान मनेमा के पुरा की तरफ से एक बाइक आती दिखी। बाइक पर पीछे प्लास्टिक का एक कट्टा बंधा था। चालक पुलिस की जीप देखकर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नाजिम खान बताया। वह धौलपुर जिले के निहालगंज थाना क्षेत्र के सराय गजरा कोठी का रहने वाला है। जांच में प्लास्टिक के कट्टे से गांजा बरामद हुआ। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी महावीर प्रसाद, एएसआई बच्चू सिंह समेत पुलिस की टीम और डीएसटी टीम प्रभारी देवेश कुमार की टीम शामिल थी। डीएसटी टीम के पालवेन्द्र, अमीर और सतेन्द्र अवस्थी की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्रसिंह रविवार को आएंगे बानसूर

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्रसिंह 22 जून 2025 रविवार को बानसूर आएंगे। राव राजेन्द्रसिंह आपका सांसद आपके द्वार कार्यक्रम में दोपहर 3 बजे पंचायत समिति के सभागार में जनसुनवाई करेंगे तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के स्वर्णिम 11 वर्षों की उपलब्धियों के उपलक्ष्य में संकल्प से सिद्धि तक कार्यशाला में उपस्थित रहेंगे। यह कार्यशाला नगर पालिका क्षेत्र स्थित संगम मैरिज गार्डन में सांय 5 बजे कार्यशाला में सम्बोधन देंगे। यह जानकारी स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत ने दी।

# स्वस्थ रहने के लिए योग को जीवन शैली के रूप में अपनाएं : विकास अधिकारी लखन सिंह कुंतल

## हिंडौन सिटी में 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** बयाना रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर में शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विकास अधिकारी लखन सिंह कुंतल ने योग को स्वस्थ और निरोगी जीवन का आधार बताते हुए सभी से इसे नियमित रूप से अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने योगाभ्यास कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और मतदान की शपथ भी ली। मुख्य अतिथि लखन सिंह कुंतल ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। इसके बाद 2015 में पहला योग दिवस मनाया गया, जिसने कई विश्व रिकॉर्ड गिनीज बुक में दर्ज कराए। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में योग ने वैश्विक स्तर पर लोगों को आकर्षित किया है और इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाने से न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। कुंतल ने जोर देकर कहा, योग को अपनाकर हम रोगों से दूर रहकर स्वस्थ और सुखी जीवन जी सकते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि लखन सिंह कुंतल, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद मीणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी, पतंजलि योग समिति के हरिप्रसाद गुप्ता और सदर थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। योगाचार्य विशेष पाठक, विशाखा शर्मा और वंदना शर्मा के निर्देशन में सैकड़ों लोगों ने योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया।

### योग संकल्प और मतदान की शपथ

कार्यक्रम में वैद्य गोपाल सहाय शर्मा और सेवानिवृत्त वैद्य मुकेश चंद्र जैन के संयोजन में योग का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही मुख्य अतिथि ने उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाकर लोकतांत्रिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया।

मुख्य अतिथि कुंतल ने योगाचार्यों विशेष पाठक, विशाखा शर्मा और वंदना शर्मा के साथ-साथ कार्यक्रम संयोजक वैद्य गोपाल सहाय शर्मा, वैद्य मुकेश चंद्र जैन, भामाशाह के रूप में उपस्थित एयू बैंक के प्रबंधक



गौरव कुमार और रेड क्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष वर्धमान जैन को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अलावा विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हुए। इस आयोजन ने न केवल योग के प्रति जागरूकता फैलाई, बल्कि सामुदायिक एकता को भी प्रदर्शित किया। इस तरह 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हिंडौन सिटी में एक प्रेरणादायक आयोजन के रूप में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# श्री श्याम मंदिर में विशाल जागरण व भण्डारे का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बा स्थित ग्राम किराडोद में शनिवार को श्री श्याम मंदिर में विशाल जागरण व भण्डारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर को भव्य तरीके से संजाया गया और श्री श्याम बाबा के भोग लगाकर दोपहर में पंगत प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर पुजारी नाथूलाल भगत ने बताया कि ग्रामवासियों के जन सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सभी ने श्री श्याम बाबा की पूजा-अर्चना की और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। गायक कलाकार जयराम ठेगला ने अपनी मधुर आवाज से भजन गाकर समां बांध दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और श्री श्याम बाबा की भक्ति में लीन हो गए। जयराम ठेगला की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और



आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। इस मौके पर जगदीश कपूरिया, राजकुमार सैनी, राजेन्द्र स्वामी, सुभाष यादव, रमेश चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने आयोजन के सफल संचालन के लिए पुजारी नाथूलाल भगत और आयोजकों को बधाई दी। आयोजन की सफलता के लिए सभी ने एक दूसरे को बधाई दी और श्री श्याम बाबा की कृपा की कामना की।

# पुलिस अधीक्षक ने की वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी /करौली( अंशु गुप्ता )।** भीषण गर्मी से निजात पाने और पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पेन्द्र गारूवाल करई ने बताया कि आज उन्होंने करौली पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय से पौधा भेंट मुलाकात की। गारूवाल ने बताया कि एक पेड़ एक जिन्दगी वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की इस मौके पर पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने पौधा रोपण कर अभियान की शुरूआत की और कहा कि सभी को अधिक से अधिक पौधा रोपण करने चाहिएं।इस मौके पर नरेन्द्र गारूवाल,संतराम, रवि एवं अन्य स्टाफ गण मौजूद रहा।

# महावीर जैन विद्यालय में 100 से अधिक महिला-पुरूषों ने किया योगा

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** महावीर जैन विद्यालय संस्थान हिरणमगरी सेक्टर नं.4 द्वारा आज विद्यालय परिसर में विश्व योग दिवस के उपलक्ष में प्रात: 6:30 बजे से योगा किया गया। कार्यक्रम में सेक्टर नं. 4, 5 के 100 महिलाओं-पुरूषों व बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान के संस्थापक डॉ. हिम्मतलाल वया ने योग से होने वाले शारिरीक लाभों के बारें में बताया और प्रति रविवार को नि:शुल्क योगा कार्यक्रम रखने की घोषणा की। योगा विशेषज्ञ अरूणा चोहान ने सभी को योगा करवाया। प्रधानाध्यापिका श्रीमती हेमलता जैन ने बताया कि वर्तमान में योग



प्रशिक्षण के साथ ही बालको में नैतिक ज्ञान व संस्कारों की कमी होती जा रही है। प्रारम्भ ही बालक-बालिकाओं को संस्कारवान बनानें के लिए इसी वर्ष से पाठ्यक्रम के साथ नैतिक शिक्षा पाठ्यक्रम भी चालू किया, जिससे बालक-बालिकाएँ संस्कारवान् होगें। धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# एक दिवसीय योग, ध्यान व हास्य शिविर का आयोजन

## योग स्वस्थ जीवन का आधार : डॉ. एकता चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रागपुरा में 21 जून शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय विशेष योग, ध्यान व हास्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर चिकित्सक डॉ. एकता चौधरी ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि भारत वर्ष में पुन: प्राचीन योग पद्धति की जागरूकता लाना बेहद आवश्यक है। डॉ. एकता चौधरी ने कहा कि आधुनिक जीवन में योग का बड़ा महत्व है। इससे हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं और सफल जीवन प्राप्त करने के साथ-साथ अनेकों बीमारियों एवं मानसिक तनाव से भी राहत पा सकते हैं। योग हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है, जिससे हम जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होते हैं। विजेन्द्र गुर्जर ने कहा कि वर्तमान समय



में भागदौड़ भरी जिंदगी में योग की महती आवश्यकता है। योग मानव जीवन के लिए वरदान है, योग से मनुष्य स्वस्थ रहता है और तनाव से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि योग हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करता है और हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। इस दौरान सरोज कसाना, भगवती कंवर, रंजिता चौधरी, सरोज देवी, माया देवी, राकेश गुर्जर, नंदिता शर्मा, शशी कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजू शर्मा, राधा शर्मा, कमलेश गुप्ता समेत स्टाफ कर्मी मौजूद रहे। सभी ने योग के महत्व को समझा और अपने जीवन में योग को अपनाने का संकल्प लिया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस रामनिवास धाम रामकोठी में धूमधाम से मनाया गया

## विधायक ने दिलाया संकल्प, योगाचार्य धारा सिंह ने कराया योगाभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण (के एम कुरेशी)।** जिले के शाहपुरा के रामनिवास धाम, रामकोठी परिसर में शुक्रवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक स्तर पर किया गया, जिसमें स्थानीय प्रशासन, चिकित्सा विभाग व नागरिकों की भागीदारी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया, जिसे विधायक डॉ. लालाराम बैरवा, उपखंड अधिकारी, डीवाईएसपी तथा चिकित्सा एवं आयुर्वेद विभाग प्रभारी डॉ. दीपिका शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर योगाचार्य धारा सिंह द्वारा उपस्थित सभी



प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन व प्राणायाम कराए गए तथा उनके स्वास्थ्य लाभ और मानसिक संतुलन पर प्रकाश डाला गया। ब्लॉक नोडल अधिकारी प्रभारी डॉ. दीपिका शर्मा ने बताया कि योग न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि यह मानसिक शांति और जीवन में संतुलन भी प्रदान करता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस आयोजन में चिकित्सा विभाग की भूमिका अत्यंत सहयोगात्मक रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में चिकित्सा विभाग के स्टाफ — खुशबू प्रजापत, नर्सिंग स्टाफ पुष्पेंद्र जिंदगर, शीतल शर्मा, अशोक जाट, भावना चौधरी, रिंकू धाकड़, विनोद कुमार भील, प्रियंका जोशी आदि का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन पर विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने सभी उपस्थित नागरिकों को योग अपनाने का संकल्प दिलवाया और कहा कि योग को जीवन में अपनाकर ही हम एक स्वस्थ समाज की कल्पना को साकार कर सकते

# मधुश्री सभागार में 101 लोगों ने लिया योगा का लाभ



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** जय हनुमान रामचरित मानस प्रचार समिति,श्रीमती सरला देवी सिंघवी चेरिटेबल सोसायटी व बीईंग मानव सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अशोका पैलेस स्थित मधुश्री सभागार में योग गुरू गुनीत मोंगा द्वारा प्रात: 9 से 11 बजे तक नि:शुल्क योग कराया गया। जिसमें 101 लोगों ने भाग ले कर इसका लाभ लिया। समिति प्रमुख पं. सत्यनारायण चौबीसा ने योग गुरू गुनीत मोंगा ने सभी शिविरार्थियों को जीवन में स्वस्थ एवं निरोगी रहनें के लिये विभिन्न प्रकार के योग, असान, प्राणायाम, ध्यान योग करवायें। उन्होंने कहा कि योग शरीर,मन आत्मा को जोड़ता है। मुख्य अतिथि श्याम एस.सिंघवी, व एडवोकेट निर्मल कुमार पण्डित ने कहा कि रोगों से मुक्ति प्राप्त करने हेतु नियमित रूप से योगा करना चाहिये। सहायिका डॉ. अनिशा व नेहा ने भी योग करवायें। इस अवसर पर मुकेश माधवानी, राजनाथसिंह चौहान ने मोबाईल से निकलने वाले रेडिएशन पर अपने विचार व्यक्त किये।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जयपुर में योग को लेकर आमजन में दिखा उत्साह

## 4 हजार 859 स्थानों पर 2 लाख 85 हजार से ज्यादा लोगों ने किया योगाभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर जयपुर जिले में आमजन का योग को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। जयपुर के 4 हजार 859 स्थानों पर 2 लाख 85 हजार 470 लोगों ने योगाभ्यास किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में कार्यक्रम का आयोजन जयपुर के पर्यटन एवं धार्मिक महत्व के स्थानों पर किया गया। इसी क्रम में सवाई मानसिंह स्टेडियम, अल्बर्ट हॉल, पत्रिका गेट, श्री गलता जी मंदिर, जलमहल, हवामहल, बिड़ला मंदिर, सेन्ट्रल पार्क, सिटी पार्क, आमेर फोर्ट, गोविन्द देव जी मंदिर जयगढ एवं सिटी पैलेस ऐसे 13 स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 16000 प्रतिभागियों ने एकसाथ एक ही समय पर कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास किया। सभी 13 स्थानों पर अलग-अलग मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम को प्रारंभ करवाया एवं योगाभ्यास के अंत में सभी प्रतिभागियों को संकल्प दिलवाया।



कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया। लाईव टेलीकास्ट में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाकर स्वस्थ एवं सशक्त होने की दिशा में अग्रसर होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा योग का अर्थ जुड़ना है और यह मैं से हम की यात्रा है।

जयपुर शहर का मुख्य समारोह सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, राजस्थान में योगा ब्रांड एम्बेसडर डॉ. सौम्या गुर्जर, राज्यसभा सांसद मदन राठौड, मुख्य सचिव, सुधांशु पंत एवं आयुष सचिव, भवानी सिंह देथा, जिला कलेक्टर जितेन्द्र सोनी के साथ राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न संगठनों एवं संस्थाओं के कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा के द्वारा राज्यपाल महोदय का स्वागत किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा भारती के श्री मेघ सिंह एवं पतंजलि के कुलभूषण बैराठी द्वारा किया गया।

**ओटीएस में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास**

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (ओ.टी.एस.), जयपुर में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा योगाभ्यास कर योग दिवस को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भगवत सिंह मेहता सभागार में संस्थान की महानिदेशक श्रीमती श्रेया गुहा ने द्वीप प्रज्जवलित कर योग दिवस समारोह का शुभारम्भ किया। इसके पश्चात राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा योग दिवस के संदेश से लाइव प्रसारण में भागीदारी की गई।

संस्थान की महानिदेशक श्रेया गुहा ने बताया गया कि हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में प्रत्येक वर्ष की भांति योग दिवस के मूल मंत्र योगाभ्यास द्वारा शरीर, मन, मनुष्य और प्रकृति की समरसता की मूल भावना को दृष्टिगत रखते योगाभ्यास किया गया। इस कार्यक्रम में आयुष मंत्रालय द्वारा योग प्रोटोकॉल की पालना में विभिन्न योगासन श्रीमती निशा वी. सिंह द्वारा करवाये गये।

# कठपुतली नगर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

### गीतांजली हॉस्पिटल की ओर से कैंप में सभी जांचें की गई फ्री



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (बाबू अंसारी)।** ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कठपुतली नगर कच्ची बस्ती विकास समिति के अध्यक्ष एवं शिविर संयोजक डॉ. ओपी टांक के अनुसार स्थानीय टांक क्लिनिक में जाट कॉलोनी भांकरोटा के गीतांजली हॉस्पिटल द्वारा चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीपी, शुगर व अन्य जांचें निःशुल्क की गई। इसी के साथ गीतांजली हॉस्पिटल में गंभीर रोगियों का ईलाज भी निःशुल्क किए जाने का हॉस्पिटल के प्रशासनिक अधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया। शिविर में रौनक, कठपुतली नगर विकास समिति के उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, महामंत्री गजानंद खींची, पार्षद प्रत्याशी हेमराज खींची, विनोद भट्ट, अरुण गोवलिया, गोविंद खेड़ा आदि ने अपनी सेवाएं दी। डॉ. टांक एवं टीम ने शिविर में आए सभी रोगियों को आवश्यकतानुसार सहायता प्रदान की।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शास्त्री नगर मंडल में उत्साह, कार्यकर्ताओं ने किया योगाभ्यास



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (बाबू अंसारी)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महल विधानसभा क्षेत्र के शास्त्री नगर मंडल में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।मंडल अध्यक्ष जुगल किशोर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि हर्षवर्धन शर्मा, किसान मोर्चा जिला मंत्री महेंद्र रावत, पार्षद शिवकुमार सोनी, पार्षद प्रत्याशी विमल कंवर, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष धन्नालाल प्रजापति सहित कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने योग के लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को भी कम करता है। यह मांसपेशियों को मजबूत करता है, लचीलापन बढ़ाता है, नींद में सुधार करता है और वजन घटाने में भी सहायक है। मंडल अध्यक्ष साहू ने कहा, योग एक ऐसी जीवनशैली है, जो हर उम्र के व्यक्ति को अपनानी चाहिए। नियमित योग से हम डॉक्टर के पास जाने की नौबत नहीं आने देंगे। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

# प्राध्यापक एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा- 2024 के लिए जयपुर शहर के एक परीक्षा केंद्र में संशोधन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर,(का.स.)। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 23 जून, 2025 सोमवार को आयोजित होने वाली प्राध्यापक एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा-2025 (माध्यमिक शिक्षा विभाग) के ग्रुप 'ए' की सामान्य ज्ञान परीक्षा हेतु जयपुर शहर के एक परीक्षा केंद्र में संशोधन किया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग ने जयपुर शहर के केंद्र संख्या (16-877) में बदलाव करते हुए रोल नंबर 1196460 से 1196939 तक अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र भारती विद्या निकेतन, सीनियर सैकेंडरी स्कूल 21, पुराने तेजाजी मंदिर के पास, सोडाला जयपुर के स्थान पर केंद्र संख्या (16-0132) रावत सीनियर सैकेंडरी स्कूल, विंग-1, विवेक विहार, मेट्रो पीलर नंबर-86 के पास, न्यू सांगानेरी रोड, सोडाला जयपुर को परीक्षा केंद्र बनाया है। आयोग द्वारा परीक्षा केंद्र परिवर्तन की सूचना संबंधित अभ्यर्थियों को प्रेषित कर दी गई है। उक्त परीक्षा केंद्र के संबंधित परीक्षार्थियों को नवीन प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर परीक्षा दिनांक 21 जून 2025 को निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान : जंतर मंतर बना योग और संस्कृति का संगम स्थल

बढ़ता राजस्थान

जयपुर,(का.स.)। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर जयपुर के ऐतिहासिक जंतर मंतर परिसर में योग संगम 2025 कार्यक्रम का सांस्कृतिक, वैज्ञानिक एवं वैश्विक दृष्टिकोण से समृद्ध आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने तथा आयुर्वेद और योग के समन्वित स्वरूप को व्यापक रूप से समाज के समक्ष लाने का एक सशक्त माध्यम बना।

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से योग बंधन कार्यक्रम के अंतर्गत आमंत्रित दक्षिण अफ्रीका से आए हुए विदेशी पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों एवं अन्य देशों से आए विद्यार्थियों ने भी सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेकर एक धरती, एक स्वास्थ्य के सिद्धांत को मूर्त रूप दिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान हाई कोर्ट के जस्टिस अनूप कुमार ढंढ ने






सभी को विश्व योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा आयुष मंत्रालय व राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा विश्व योग दिवस के अवसर पर आज एक भव्य कार्यक्रम योग संगम का आयोजन किया गया है। एन.आई.ए. आज पूरे देश में भारत के पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए समर्पण भाव से दिन प्रतिदिन ख्याति प्राप्त कर उच्चाइयों को छू रहा है। योग हमारे जीवन में शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा योग और आयुर्वेद, दोनों भारत की प्राचीन धरोहरें हैं जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन को सुनिश्चित करती हैं। 'योग संगम' केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह भारत के सांस्कृतिक आत्मबल को विश्व के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयास है। हमें गर्व है कि आज जंतर मंतर जैसे ऐतिहासिक स्थल पर हमने वैश्विक सहभागिता के साथ एकता, शांति और स्वास्थ्य का संदेश दिया है। यह आयोजन आयुष प्रणाली की वैज्ञानिकता और विश्वसनीयता को भी पुन: स्थापित करता है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उप महानिदेशक दूरदर्शन सतीश देपाल राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान को बधाई देता हूँ कि उन्होंने योग और आयुर्वेद जैसे विषयों को आधुनिक युग की आवश्यकताओं के अनुसार प्रस्तुत किया। आज का आयोजन दर्शाता है कि जब परंपरा और तकनीक का संगम होता है, तो उसका प्रभाव गहरा और स्थायी होता है।

स्वस्थ वृत एवं योग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. दुर्गावती देवी ने कहा विद्यार्थियों के लिए यह आयोजन एक जीवंत शिक्षण प्रयोगशाला जैसा रहा। 'योग संगम' न केवल शारीरिक समन्वय की अभिव्यक्ति था, बल्कि यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान और वैश्विक मित्रता का सशक्त माध्यम भी बना।

कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रमुख दूरदर्शन सीमा विजय,

सहायक निदेशक, दूरदर्शन राकेश जैन, सुपरिंटेंडेंट, जंतर मंतर, श्रीमती प्रतिभा यादव, ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी,राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के चिकित्सकों, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों ने बड़ी संख्या मे योगाचार्यों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत म्यूजिक इवेंट एवं जागरूकता संध्या का हुआ आयोजन

### सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वाधान में हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शनिवार को म्यूजिकल इवेंट एवं जागरूकता संध्या का आयोजन किया गय। प्रताप नगर के महाराणा प्रताप सर्किल पर आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत आईएएस, सूचना आयुक्त श्री महेंद्र कुमार पारख, निदेशक, जनगणना कार्यक्रम श्री विष्णु चरण मलिक, निदेशक मत्स्य विभाग संचिता विश्नोई, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निदेशक बचनेश कुमार अग्रवाल, निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग अरविंद कुमार, अतिरिक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग केशर लाल मीणा,अतिरिक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग रीना शर्मा, सेवानिवृत आईएएसी श्याम सिंह पुरोहित ने शिरकत की। कार्यक्रम में अधिकारियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी। सभी ने अपनी प्रस्तुति देकर समाज को नशामुक्त बनाने के लिए संदेश को जन जन तक पहुचाने के लिए सहयोग दिया एवं नशामुक्ति की शपथ भी दिलवाई।

# राजस्थान के पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने पिंजरापोल गौशाला में काल भैरव भगवान का पूजन किया, गौसेवा एवं जैविक खेती को दिया प्रोत्साहन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** दिनांक 21 जून 2025 को राजस्थान के पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा, IPS का आगमन श्री पिंजरापोल गौशाला, सांगानेर में हुआ। वे ठीक दोपहर 3.00 बजे गौशाला पहुंचे और सर्वप्रथम श्री काल भैरव भगवान के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की।इस अवसर पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की भावना के अंतर्गत राज्य में स्वास्थ्य, अनुशासन और संतुलन के संदेश को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा दी। साथ ही काल भैरव भगवान एवं सूर्य देवता के समक्ष राज्य की सुख-समृद्धि और शांति के लिए हवन व प्रार्थना की।

पूजन के बाद डीजीपी ने गौमाताओं को हरा चारा अर्पण किया, गुड़ खिलाया और अपने करकमलों से गौसेवा की। इसके पश्चात उन्होंने जैविक खेती कर रही ग्रामीण महिलाओं से संवाद किया, जैविक उत्पादों और उनके प्रयोगों की जानकारी प्राप्त की और जैविक कृषि को आत्मनिर्भर भारत की नींव बताया। उन्होंने



कहा कि श्री पिंजरापोल गौशाला में जो दिव्य औषधियों का संरक्षण हो रहा है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है और इससे उन्हें विशेष आनंद की अनुभूति हुई है।

कार्यक्रम पूज्य प्रकाश दास जी महाराज के दिव्य सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। उन्होंने डीजीपी महोदय को शुभाशीर्वाद प्रदान किया और राज्य के उत्तम प्रशासन के लिए मंगलकामनाएं दीं।

शिवरतन चितरंगिया, महामंत्री, श्री पिंजरापोल गौशाला द्वारा गाय के गोबर से निर्मित गणेश जी की प्रतिमा भेंट की गई और उन्हें सम्मान स्वरूप दुपट्टा पहनाया गया।

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख गणमान्यजनों में डॉ. अतुल गुप्ता, अंतरराष्ट्रीय संयोजक, अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद, मोनिका गुप्ता, सचिव, हैनीमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी, मोहनलाल सांवरिया, समाजसेवी

, विनोद चतुर्वेदी, समाजसेवी,राजकुमार शर्मा, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता

ने डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा का पुष्पमालाओं एवं दुपट्टा अर्पण कर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। डीजीपी की धर्मपत्नी भी कार्यक्रम में सहभागी रहीं। उन्होंने भी पूजा, गौसेवा एवं जैविक कृषि कार्यों में रुचि दिखाई और महिला किसानों का उत्साहवर्धन किया।


# कार्यालय संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद, टोंक

क्रमांक:- 1124-32 दिनांक:-16-6-25

**खुली निविदा सूचना 01**

कृषि आयुक्तालय जयपुर के आदेश क्रमांक 686-747 दिनांक 23.04.2025 एवं वित्त विभाग के आईडी नं. 152500628 दिनांक 7.04.2025 के क्रम में इस कार्यालय के अधीन संचालित मृता परीक्षण प्रयोगशाला मालपुरा व देवली में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत लगभग 15000 नमूनो हेतु प्रयोगशाला में नमूना विश्लेषण तकनीकी कार्मिक सहायक कार्मिक एवं सॉयल हैल्त कार्ड डेटा केन्द्रीय पोर्टल पर अपलोड एवं प्रिंटिंग कार्य कार्मिक के लिए सेवा प्रदाता संस्था के माध्यमसे संविदा पर कराने हेतु निविदाएं आमन्त्रित कीजाती है। उक्त कार्य की अनुमानित लागत 8,00,000/-रु होगी।

इच्छुक स्वा प्रदाता संस्थान निविदा प्रपत्र कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 16.06-2025 से 23.06.2025 तक दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त किया जाकर दिनांक 23.06.2025 को दोपहर 12.30 बजे तक कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 23.06.2025 को दोपहर 2.00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष कमेटी के द्वारा खोला जाएगा। अन्य शर्तें एवं निविदा प्रपत्र http://sppp.raj.gov.in / www.Krishi.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय में नोटिस बोर्ड एवं कार्यालय समय में कार्यालय में देखी जा सकती है।

**(वीरेन्द्र सिंह सोलंकी)**
**संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार)**
**जिला परिषद, टोंक**

राजस्थान सरकार
**निदेशालय, गोपालन**
पुलिस मुख्यालय के सामने, लालकोठी, टोंक रोड़, जयपुर-302015
**phone:0141-2740819,2740519,2740613, Email:-dir.dgs@rajasthan.gov.in**

FV.12 () Nigo/Bhandar/agency/cleaning/2024-25/3324 Date: 16-6-2025

**Notice Inviting Bid 08/2025-26**

Bids for human resources for cleaning services from intersted bidders up to 02:00 PM dated 24-06-2025, other particulars of the bid May be visited from procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in of the state. the approximate value of the procurement is Rs. 3.00 Lakh.

UBN No. Gop-2526SS0B00003

**DIPR/C/8294/2025**

**Director Gopalan**


# सीआरसी जयपुर में योगसंगम के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का उल्लासपूर्ण आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की इकाई कॉम्पोजिट रीजनल सेंटर, जयपुर द्वारा राष्ट्रव्यापी पहल योगसंगम के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का भव्य आयोजन उत्साह, समर्पण और समावेशी भागीदारी के साथ संपन्न हुआ।यह आयोजन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर तथा अपना घर संस्था के सहयोग से सम्पन्न हुआ और देश भर में एक साथ



10,000 से अधिक स्थानों पर योग अभ्यास कराकर एक विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने के प्रयास का हिस्सा रहा। इस पहल के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समावेशन और वैश्विक सौहार्द का सशक्त संदेश देने का उद्देश्य था।सीआरसी जयपुर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 150 प्रतिभागियों ने सहभागिता की, जिनमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चे, उनके अभिभावक, निराश्रित महिलाएं, मानसिक मंदित आश्रय गृह के निवासी एवं सीआरसी के अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे। योग सत्र का संचालन एक प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक द्वारा किया गया, जिसमें प्रतिभागियों की शारीरिक व मानसिक क्षमताओं के अनुरूप योगासन व मुद्राओं को समायोजित करते हुए प्रस्तुत किया गया, जिससे सभी को समावेशी और आनंददायक अनुभव प्राप्त हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत नीरज मधुकर, निदेशक, सीआरसी जयपुर के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों पर प्रकाश डालते हुए इसे दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों को हल्के अल्पाहार के वितरण के साथ हुआ, जिसने आपसी मेलजोल और समुदाय के साथ जुड़ाव की भावना को और मजबूत किया।

## सम्पादकीय

# योग सिंधू में संघ की जलधारा

सृष्टि के प्रारम्भ से ही भगवान शिव को 'योगेश्वर' माना गया है। अनेक योग परंपराएँ जैसे नाथयोग, हठयोग, मंत्रयोग, लययोग, राजयोग, आदि सभी भगवान शिव से ही प्रारंभ मानी जाती हैं। गुरु गोरखनाथजी के सम्प्रदाय में शिव को 'आदिनाथके रूप में पूजा जाता है और ध्यान मुद्रा में उनकी उपासना की जाती है।

भारत की सनातन संस्कृति की तरह योग भी सनातन है, अविरल है। यह तो संभव है कि आकाश के तारे गिन लिए जाएं या धरती के कणों की सही-सही संख्या का पता लगा लिया जाए परन्तु योग के सिंधू कितनी जलधाराएं मिलीं, कितने नद समाहित हुए इसका अनुमान लगाना भी असंभव है। इन्हीं अनन्त जलराशियों में शामिल है राष्टीय स्वयंसेवक संघ, जिसका उद्देश्य व्यक्ति उत्थान से राष्ट्रोत्थान रहा है और संघ ने योग को अपने इस काम का साधन बनाया है।

सृष्टि के प्रारम्भ से ही भगवान शिव को 'योगेश्वर' माना गया है। अनेक योग परंपराएँ जैसे नाथयोग, हठयोग, मंत्रयोग, लययोग, राजयोग, आदि सभी भगवान शिव से ही प्रारंभ मानी जाती हैं। गुरु गोरखनाथजी के सम्प्रदाय में शिव को 'आदिनाथके रूप में पूजा जाता है और ध्यान मुद्रा में उनकी उपासना की जाती है। नाथ संप्रदाय में योग को शिवविद्या या महायोगविद्या कहा गया है, जिसमें आत्मा और ब्रह्मांड के सामरस्य की अनुभूति प्रमुख है। शिवगीता में भगवान शिवजी ने भगवान राम को योग का दिव्य उपदेश दिया, जब वे सीता-वियोग से व्याकुल थे। उन्होंने आत्मज्ञान, चित्त की एकाग्रता, और भौतिक आसक्ति से विरक्ति का विस्तार से निरूपण किया। भगवान शिव को ध्यानमग्न योगी के रूप में भी दर्शाया गया है, जिनका ध्यान जीवन के परम लक्ष्य 'मोक्षकी ओर उन्मुख करता है। वेदों में वर्णित शिवसंकल्पसूक्त योग के लिए वैदिक प्रेरणा का आधार है, जो भगवान शिव की चेतना और व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

रामायणकाल में महर्षि वसिष्ठ ने भगवान श्रीराम को गहन अद्वैत वेदान्त के सिद्धांतों के माध्यम से योग का मार्ग बताया है। राम को उपदेश करते हुए महर्षि वसिष्ठ कहते हैं – द्वौ क्रमौ चित्तनाशस्य योगो ज्ञानं च राघव। योगो वृत्तिनिरोधो हि ज्ञानं सम्यगवेक्षणम्॥

महर्षि वसिष्ठ योग के अत्यंत प्राचीन और समग्र दृष्टा माने जाते हैं। वे सप्तर्षि-मंडल में स्थित रहकर आज भी विश्वकल्याण में लगे हुए हैं।

महाभारत में योग को आत्मसाधना और अंतःकरण की शुद्धि का मार्ग माना गया है। महर्षि वेद व्यासजी ने ध्यानयोग के लिए द्वादश साधनों (देश, कर्म, आहार, दृष्टि, मन आदि) के संयम को अनिवार्य बताया है। इसके शान्ति पर्व में ऋषियों को योग की 12 विधियों से ध्यानयोग का अभ्यास करते बताया गया है। भगवान श्रीकृष्ण को भी 'योगेश्वर' कहा गया है क्योंकि वे न केवल योग के आचार्य हैं बल्कि स्वयं योग के मूर्तिमान स्वरूप भी हैं। भगवद्गीता को स्वयं भगवान की साक्षात योगयुक्त वाणी कहा गया है, जो आज भी अज्ञान और मोह का नाश कर आत्मबोध करा सकती है।

**राकेश सैन**

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

- 1555 हुमांयू ने सिकंदर सूरी को पराजित कर अकबर को उत्तराधिकारी घोषित किया।
- 1555 हुमायूँ ने सिंधु को पार किया और लाहौर पर कब्जा कर लिया और दिल्ली सिंहासन के सिकंदर सूरी को बाहर कर दिया। मुगल सम्राट हुमायूँ ने एक विशाल सेना एकत्र की और दिल्ली में सिंहासन को वापस लेने के चुनौतीपूर्ण कार्य का प्रयास किया।
- 1593 ओटोमन बलों को लंबे युद्ध को ट्रिगर करते हुए हैब्सबर्ग एटिसक (अब क्रोएशिया में) से कुचल दिया गया था।
- 1633 गैलीलियो गैलीली को रोमन जिज्ञासु द्वारा सौर मंडल के अपने सहायक दृष्टिकोण को याद करने के लिए मजबूर किया गया था, जिसके बाद किंवदंती हसीत के रूप में, उन्होंने अपनी सांस के तहत उत्परिवर्तित किया, %और फिर भी यह चलता रहता है।
- 1740 पर्शिया के राजा फ्रेडरिक द्वितीय ने अत्याचार समाप्त और प्रेस की स्वतंत्रता की गारंटी ली।
- 1799 ब्रिटेन और रूस ने बातापेसे गणराज्य पर आक्रमण करने का फैसला किया।
- 1807 ब्रिटिश युद्धपोत एचएमएस तेंदुए ने पीछा किया और अमेरिकी फ्रिगेट यूएसएस चेसापेक पर इस विश्वास के साथ हमला किया कि बाद में रॉयल नेवी के रेगिस्तान थे।
- 1813 1812 का युद्ध-आगामी आश्चर्यजनक हमले के लिए अमेरिकी योजनाओं के बारे में जानने के बाद, लौरा सेकॉर्ड ने लेफ्टिनेंट जेम्सफिटगाइबोन को चेतावनी देने के लिए पैदल चलकर क्वीनटन, ओंटारियो, ऊपरी कनाडा से 30 किमी (19 मील) की यात्रा की।
- 1814 एचएमएस लेन्डर ने यूएसएस रैटलस्नेक को सैबल आइलैंड, नोवा स्कोटिया में हराया।
- 1826 पनामा के पैन-अमेरिकन कांग्रेस ने अमेरिका के गणराज्यों को एकजुट करने की (असफल) कोशिश की।
- 1857 लंदन में विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय आधिकारिक तौर पर रानी विक्टोरिया द्वारा खोला गया।
- 1865 डॉ डब्ल्यू जी ग्रेस ने प्रथम श्रेणी की क्रिकेट की शुरुआत की।
- 1897 चाफेकर बंधुओं, दामोदर और बालकृष्ण ने पुणे में ब्रिटिश अधिकारी रैंड को गोली मार दी। इस घटना ने क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भाइयों और दो साथियों पर विभिन्न भूमिकाओं में हत्या का आरोप लगाया गया था, साथ ही दो मुखबिरों की शूटिंग और एक पुलिस अधिकारी को गोली मारने का प्रयास किया गया था। तीनों भाइयों को दोषी पाया गया और उन्हें फांसी दे दी गई, एक साथी को इसी तरह से निपटाया गया, दूसरे को, फिर एक स्कूली बच्चे को दस साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई।
- 1906 स्वीडन ने राष्ट्रीय ध्वज अपनाया।
- 1911 किंक जॉर्ज ङ्क को इंग्लैंड का राजा बनाया गया।
- 1911 जेक वी और मैरी ऑफ टेक को लंदन में वेस्टमिंस्टर एब्बे में किंग एंड द अनइनटेड किंगडम की रानी का ताज पहनाया गया।
- 1918 स्पैनिश %फ्लू% ने महामारी का रूप लिया, जिसकी वजह से 6 महीनों में 30 मिलियन से ज्यादा लोग मरे गए।
- 1937 केमिली चौटेम्प्स तीसरी बार, दूसरे लोकप्रिय मोर्चे मंत्रालय में फ्रांस के प्रधान मंत्री बने।
- 1941 लिथुआनिया में जून विद्रोह शुरू हुआ।

विशेष आलेख

# क्या कपिल सिब्बल जस्टिस वर्मा को आरोप मुक्त करा देगें!



रामस्वरूप रावतसरे

**जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यशवंत वर्मा केस में एक जाँच कमेटी बनाई थी। प्रकरण में जांच कमेटी द्वारा 55 गवाहों से पूछताछ की गई थी। इसमें जस्टिस वर्मा की बेटी दिया वर्मा भी शामिल थीं। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि कई गवाहों, वीडियो और तस्वीरों से यह साबित होता है कि जस्टिस वर्मा के दिल्ली वाले घर के स्टोररूम में बड़ी मात्रा में कैश खासकर 500 रुपए के नोट मिले थे, जिनमें से कुछ आधे जले हुए थे। इतनी बड़ी घटना के बावजूद ना तो जस्टिस वर्मा और ना ही उनके परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी और ना ही किसी बड़े ज्यूडिशियल ऑफिसर को इसकी जानकारी दी थी। कमेटी ने इसे विचित्र व्यवहार बताया। जांच कमेटी ने यह साफकिया कि जस्टिस वर्मा को जले हुए कैश की जानकारी ना होने का दावा करना एक अविश्वसनीय है। कमेटी ने सवाल किया, अगर कोई साजिश थी, तो जस्टिस वर्मा ने हाई कोर्ट के चीफजस्टिस या भारत के चीफ जस्टिस को सूचित क्यों नहीं किया?**

सुप्रीम कोर्ट की एक 3 जजों की कमेटी ने जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने की सिफारिश पेश की है। इसके बाद जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। यह सिफारिश 64 पेज की एक रिपोर्ट में की गई है, जिसे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजा गया है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि जले हुए नोट जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास के स्टोररूम में ही मिले थे। इसी मामले में भ्रष्टाचार के आरोप में फँसे जस्टिस यशवंत वर्मा का सपोर्ट वकील कपिल सिब्बल ने किया है। कपिल सिब्बल ने कहा कि जस्टिस वर्मा अब तक के सबसे बेस्ट जजों में से एक है।

जांच कमेटी के अनुसार स्टोररूम तक सिर्फ जस्टिस वर्मा और उनके परिवार की ही पहुँच थी, किसी बाहरी व्यक्ति की नहीं थी। जाँच में सामने आया है कि आग बुझाने के दौरान फायरफाइटर्स ने 'आधे जले हुए नोट' देखे थे। एक गवाह ने तो यहाँ तक कहा कि उसने जिंदगी में पहली बार इतना ज्यादा कैश का पहाड़ देखा था। कमेटी ने माना है कि इतने सारे नोट बिना जस्टिस वर्मा या उनके परिवार की मर्जी के वहाँ नहीं रखे जा सकते थे। कमेटी ने जस्टिस वर्मा की बेटी दिया वर्मा और उनके निजी सचिव राजिंदर कार्की की भूमिका की भी जाँच की है, जिन पर आरोप है कि उन्होंने फायरफाइटर्स को कैश की जानकारी किसी को भी बताने को मना किया था। इन सभी बातों के आधार पर कमेटी ने कहा है कि जस्टिस वर्मा को पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं।

हालाँकि, जस्टिस वर्मा ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उन्हें या उनके परिवार को इस कैश के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जस्टिस वर्मा ने यह भी कहा था कि स्टोररूम में कोई भी आ-जा सकता था। जून 2025 महीने की शुरुआत में खबर आई थी कि जस्टिस वर्मा को हटाने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो सकती है। यह भारत के इतिहास में किसी सिटिंग जज को जबरन हटाने का पहला मामला होगा।

जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यशवंत वर्मा केस में एक जाँच कमेटी बनाई थी। प्रकरण में जांच कमेटी द्वारा 55 गवाहों से पूछताछ की गई थी। इसमें जस्टिस वर्मा की बेटी दिया वर्मा भी शामिल थीं। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि कई गवाहों, वीडियो और तस्वीरों से यह साबित होता है कि जस्टिस वर्मा के दिल्ली वाले घर के स्टोररूम में बड़ी मात्रा में कैश खासकर 500 रुपए के नोट मिले थे, जिनमें से कुछ आधे जले हुए थे। इतनी बड़ी घटना के बावजूद ना तो जस्टिस वर्मा और ना ही उनके परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी और ना ही किसी बड़े ज्यूडिशियल ऑफिसर को इसकी जानकारी दी थी। कमेटी ने इसे विचित्र व्यवहार बताया। जांच कमेटी ने यह साफ किया कि जस्टिस वर्मा को जले हुए कैश की जानकारी ना होने का दावा करना एक अविश्वसनीय है। कमेटी ने सवाल किया, अगर कोई साजिश थी, तो जस्टिस वर्मा ने हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस या भारत के चीफजस्टिस को सूचित क्यों नहीं किया?

फायर और पुलिस कर्मियों ने भी बताया कि उन्होंने आग बुझाने के बाद स्टोररूम में 500 रुपये के नोटों का 'बड़ा पहाड़' देखा था। हालाँकि, घर के नौकरों ने कैश देखने से मना किया, पर कमेटी ने सरकारी अधिकारियों के बयानों को सच माना। जाँच में यह भी सामने आया कि जिस स्टोररूम में आग लगी थी, उसका कंट्रोल केवल और केवल जस्टिस वर्मा और उनके परिवार के पास था। इसके अलावा घटना के बाद कथित तौर पर जला हुआ कैश 'गायब' हो गया और कमरा साफ कर दिया गया।

जांच कमेटी के अनुसार जस्टिस वर्मा के निजी सचिव राजिंदर सिंह कार्की ने फायर ऑफिसर को कहा था, कि वे अपनी रिपोर्ट में कैश का जिक्र न करे। फायर सर्विस के ऑफिसर ने यह भी दावा किया था कि उन्हें इस मामले को आगे न बढ़ाने के लिए कहा गया था, क्योंकि इसमें 'ऊपर के लोग शामिल थे।'

मार्च 2025 में, दिल्ली में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास में आग लग गई थी। आग बुझाने के दौरान फायरफाइटर्स को स्टोररूम में जले हुए 500 रुपए के नोटों का एक बड़ा पहाड़ मिला था। इस घटना के बाद तत्कालीन सीजेआई ने जस्टिस वर्मा पर आरोप लगाए थे। फिर सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की जाँच के लिए एक कमेटी बनाई थी। जस्टिस वर्मा को इस घटना के कुछ ही दिनों बाद दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्राँसफर कर दिया गया था। ऐसा करने पर कुछ वकीलों और लीगल वर्कर्स ने इसका विरोध किया था।

जस्टिस यशवंत वर्मा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक 3 सदस्यीय जाँच कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने 55 गवाहों से पूछताछ की और जस्टिस वर्मा का बयान दर्ज किया है। कमेटी ने अपनी 64 पेज की रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को सौंपी थी, जिसमें जस्टिस वर्मा को पद से हटाने की सिफारिश की गई थी। जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्राँसफर कर दिया गया है, लेकिन उन्हें कोई ज्यूडिशियल काम नहीं सौंपा गया है। जस्टिस वर्मा ने अभी तक ना तो इस्तीफा दिया है और ना ही वॉलंटरी रिटायरमेंट लिया है।

# ईरान-इजरायल युद्ध, धमाकों से दहला तेलअबिब और तेहरान



संजीव ठाकूर

**12 परमाणु वैज्ञानिकों और लगभग 6 ईरान के टॉप सैनिक कमांडरों की हत्या कर दी है। तेहरान में ताबड़तोड़ हमले कर तेहरान को आधा बर्बाद कर दिया है। इजरायल द्वारा उनके समस्त परमाणु वैज्ञानिकों की हमले से हत्या करने के बाद ईरान को अपने परमाणु प्रोग्राम में बहुत बड़ा झटका लगा है। इजरायल ने ईरान के तमाम परमाणु केन्द्रों, न्यूज़ नेटवर्क अस्पतालों पर हमले किए हैं।**

**जिसकी भयानक परिणीति यह रही कि तेरा जून 25 से इजरायल ने ईरान के परमाणु केंन्द्रों, लगभग**

अमेरिका और इजरायल की इस युती के मानसिक असंतुलनों की सनक ने इजरायल ईरान के युद्ध को जन्म दिया है। इस युद्ध का कोई तात्कालिक कारण नहीं है इस युद्ध के नेपथ्य में इसराइल और ईरान की दशकों की तैयारी रही है। इसराइल और अमेरिका ने ईरान को आतंकवाद का एक बड़ा केंद्र निरूपित किया है और इजरायल ने आरोप लगाया है कि ईरान पिछले दो दशकों से इसराइल के विरुद्ध छद्म युद्ध करता आ रहा है उसने पर्दे के पीछे रहकर हिज्बुल मुजाहिदीन, हमास और हुती आतंकवादियों को लगातार आर्थिक,सामरिक और रणनीतिक मदद करता आ रहा है और हिजबुल हमास और हूती आतंकवादी संगठनों नें लगातार इसराइल पर हमले करके हजारों इसराइलियों की हत्या भी की हैं। इसके साथ ही इसराइल के कई ठिकानों को नष्ट किया है। इसराइल और अमेरिका लगातार ईरान को परमाणु बम ना निर्मित करने और परमाणु संधि करने के लिए समय ब समय चेतावनी देते आ रहे हैं। इन सब में उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिका राष्ट्रपति बनने के बाद इसराइल ज्यादा आक्रामक होकर गाजापट्टी तथा फिलिस्तीन पर आक्रामक हमले कर उसे समूल नष्ट करने की प्रक्रिया में जुट गया है। इसराइल और ईरान की लड़ाई की पृष्ठभूमि में ईरान द्वारा अपने पास परमाणु ईंधन संग्रहित करने उसे परमाणु बम बनाने की प्रक्रिया अपनाने, लगातार मिसाइल निर्माण करने और खतरनाक आतंकवादियों को संरक्षण समर्थन एवं आर्थिक मदद देने की रही है। जिसकी भयानक परिणीति यह रही कि तेरा जून 25 से इजरायल ने ईरान के परमाणु केंन्द्रों, लगभग 12 परमाणु वैज्ञानिकों और लगभग 6 ईरान के टॉप सैनिक कमांडरों की हत्या कर दी है। तेहरान में ताबड़तोड़ हमले कर तेहरान को आधा बर्बाद कर दिया है। इजरायल द्वारा उनके समस्त परमाणु वैज्ञानिकों की हमले से हत्या करने के बाद ईरान को अपने परमाणु प्रोग्राम में बहुत बड़ा झटका लगा है। इजरायल ने ईरान के तमाम परमाणु केन्द्रों, न्यूज़ नेटवर्क अस्पतालों पर हमले किए हैं। अब जवाब में ईरान भी अपने नेता अयातुल्लाह खेमनई के नेतृत्व में लगभग 200 मिसाइल से इसराइल के तेलअबिब शहर में आक्रमण कर तेल तथा गैस के भंडारों अस्पतालों एवं स्टॉक एक्सचेंज की बिल्डिंग को तबाह कर दिया है। इधर ताजा जानकारी के अनुसार इसराइल ने ईरान के हेवी वॉटर रिएक्टर पर हमला कर दिया और इसके परिणाम स्वरूप हेवी वॉटर रिएक्टर तबाह हो गया है यह हेवी वॉटर रिएक्टर न्यूक्लियर प्रोग्राम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसके जवाब में ईरान ने इजरायल के चार शहरों जिसमे तेल अबिब,बिशेबा,रमतगढ़ और होलोंन शहर में लगभग 30 से 35 टारगेटेड मिसाइल से हमला बोल दिया है इजरायल की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 176 लोग घायल हुए हैं जिसमें 6 लोग गंभीर बताई जाते हैं इसराइल के प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया है कि ईरान ने जानबूझकर उसके नागरिक ठिकानों, अस्पतालों और स्टॉक एक्सचेंज पर मिसाइल का निशाना बनाया है ।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम की स्टार है अलवर की जानी .मानी स्त्री रोग तथा नि :संतानता विशेषज्ञ डॉ . चारू जोहरी जो कि इंदिरा आईवीएफ अलवर में कार्यरत है। ये लोगों को खुशियां बांटती हैं ऐसे अनकों निरूसंतान दम्पत्ति है जिनके सूने जीवन में एक दीपक से उजाले का सृजन कर ड़ाला। इनका जन्म बरेली में हुआ, प्रारंभिक शिक्षा बरेली में प्राप्त की और फिर चिकित्सा क्षेत्र में जीवन समर्पित करने का संकल्प लिया। वर्ष 2002 में इन्होंने भारत के प्रतिष्ठित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में एमबीबीएस में प्रवेश लिया तथा सफलतापूर्वक इसे पूर्ण किया । इसके बाद स्त्री एवं प्रसूति रोग में विशेषज्ञता हासिल की ओर वर्ष 2011 में पीजी परीक्षा उत्तीर्ण की । पीजी की परीक्षा में इन्होंने गोल्ड मैडल हासिल किया । इसके बाद हैदराबाद में सेंट थेरेसा हॉस्पिटल से डी एन बी की डिग्री हासिल की। निरू संतानता में डॉक्टर चारू जौहरी की विशेष रूचि है और निरू संतानता के उपचार को ओर गहराई से समझने के लिए इंदिरा आईवीएफउदयपुर से आईवीएफ में फैलोशिप की । वहां इन्हें नि :संतानता से जुड़े उच्च मानकों के इलाज को समझने का तथा आईवीएफजैसे नई उच्च तकनीकों को जानने का मौका मिला। यह इनके करियर का निर्णायक पड़ाव था । साल 2014 में इन्होंने अलवर को अपने कार्य भूमि के रूप में चुना । यहां इन्होंने सानिया हॉस्पिटल में तथा मित्तल हॉस्पिटल में कार्य किया । वर्ष 2019 में डॉक्टर चारू जौहरी इंदिरा आईवीएफसे जुड़ी तथा तभी से लगातार नि : संतानता दंपतियों के इलाज में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अग्रसर है । डॉक्टर चारू का कहना है कि 6 में से 1 दंपत्ति नि :संतानता से ग्रसित है और ऐसे मरीज बहुत %यादा मानसिक तनाव से भी ग्रसित रहते हैं । जब नि :संतान दंपतियों का साधारण इलाज के द्वारा माता-पिता बनने का सपना पूरा नहीं हो पाता तब आईवीएफ की उन्नत तकनीक उनके माता-पिता बनने के सपने को साकार करती है। उन्होंने कहा कि जब निरूसंतान दंपत्ति सफल उपचार के द्वारा माता-पिता बनने का सुख प्राप्त करते हैं और उनके घरों में खुशियों की किलकारियां गूंजती है, जब उन्हें बहुत ज्यादा खुशी का अनुभव होता है । डॉक्टर चारू जौहरी ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उन्होंने निरंतर अभ्यास एवं कठिन परिश्रम से अपने जीवन को सार्थक बनाया तथा साथ में नि :संतान दंपतियों के जीवन को सार्थक बनाने की उनकी यात्रा अभी भी जारी है। टीम बढ़ता राजस्थान ऐसी शानदार शख्सियत के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



**डॉ.चारू जौहरी**
**स्त्री रोग एवं नि:संतानता विशेषज्ञ**

रूपक शर्मा

## यादें

बढ़ता राजस्थान

Ans_2025_044

# अपने शांत स्वभाव और दृढ़ प्रशासनिक शैली के लिए जाने जाते थे विजय रूपाणी

विजय रूपाणी ने 1975 में आपातकाल के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए भावनगर जेल में एक वर्ष के कारावास की सजा काटी थी। राजकोट नगर निगम में पार्षद चुने जाने के साथ ही 1987 में उन्होंने जन सेवा में प्रवेश किया और बाद में वह महापौर बने।अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना में जान गवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी अपने शांत स्वभाग और दृढ़ प्रशासनिक शैली के लिए जाने जाते थे। विजय रूपाणी अगस्त 2016 से सितंबर 2021 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और उन्होंने गुजरात को कोरोना से उभारने में राज्य का नेतृत्व करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने कॉलेज के दिनों में रूपाणी एक छात्र नेता थे जिन्होंने कई आंदोलनों का नेतृत्व किया और उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में काम किया।



रूपाणी ने 1975 में आपातकाल के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए भावनगर जेल में एक वर्ष के कारावास की सजा काटी थी। राजकोट नगर निगम में पार्षद चुने जाने के साथ ही 1987 में उन्होंने जन सेवा में प्रवेश किया और बाद में वह महापौर बने। वह 2006 से 2012 के बीच राज्यसभा के सदस्य भी रहे। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में राज्य औद्योगिक नीति 2020 की शुरूआत और आदिवासी उत्थान के लिए पहल देखी गई। रूपाणी ने सितंबर 2021 में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और उनकी इस पहल से राज्य चुनावों से पहले ही भूपेंद्र पटेल के लिए मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया।

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के लिए 1206 जिंदगी भर लकी नंबर की तरह रहा। लेकिन 12 तारीख और छठे महीने को उनकी दर्दनाक मौत के चलते यह नंबर उनके लिए दुर्भाग्य का प्रतीक बन गया। हम आपको बता दें कि विजय रूपाणी 1206 नंबर के प्रति गहरी आस्था रखते थे। उनके सभी वाहनोंङ्क स्कूटर से लेकर कार तक की नंबर प्लेट पर 1206 अंक होता था। उनके मित्र कहते हैं कि यह हमेशा उनका लकी चार्म रहा है। लेकिन किस्मत ने उनके साथ इसी नंबर के जरिये क्रूर खेल खेल दिया।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

मेष राशि वालों का दिन मेहनत और लगन से काम करने का है। आपके पास साहस की कमी नहीं है, पर अकारण व्यवधान लाभ के रास्ते में रुकावट बन सकते हैं। यदि आप किसी नई योजना की शुरुआत करना चाहते हैं तो थोड़ा समय लें ।

### वृष

वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी से काम करने का है। किसी कार्य में अत्यधिक जल्दबाजी आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है। संयम बनाए रखें और खासतौर पर आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

### मिथुन

मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में कोई नया टार्गेट या क्लाइंट मिलने की संभावना है, लेकिन यह आपके धैर्य की परीक्षा लेगा। पैसों के लेन-देन में लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### कर्क

कर्क राशि के लोगों को सलाह है कि भाग्य के भरोसे न बैठें, आपको अपनी मेहनत के बल पर ही सफलता मिलेगी। कोई लंबी यात्रा की योजना बन सकती है जो थकान भरी होगी, पर उससे जुड़े लाभ भी होंगे। कार्यक्षेत्र में कोई अधूरा कार्य पूरा करने का दबाव रहेगा

### सिंह

सिंह राशि के लोगों के लिए समय अनुकूल है। आपके अधूरे काम सहजता से पूरे होंगे और मन में आत्मविश्वास बना रहेगा। कोई नया व्यवसायिक अवसर मिल सकता है, जिससे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### कन्या

कन्या राशि के लोगों का दिन शुभ रहेगा। सामाजिक समारोह में भाग लेने का मौका मिल सकता है। घर में किसी धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में योजनाएं फलीभूत होंगी, विशेषत: शिक्षा और लेखन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है।

### तुला

तुला राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में आपकी साख बढ़ेगी और प्रभाव भी मजबूत होगा। एक के बाद एक समस्याएं सुलझेंगी जिससे आत्मबल में वृद्धि होगी। पेट और आंखों की समस्या से सतर्क रहें।

### वृश्चिक

वृश्चिक राशि के लोगों का दिन तरक?की से भरा होगा। जटिल कार्यों का समाधान मिलेगा और नए प्रॉजेक्ट की शुरुआत हो सकती है। व्यापार में साझेदारी लाभकारी साबित होगी। मानसिक तनाव और सिरदर्द हो सकता है।

### धनु

स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### मकर

मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और पुरुषार्थ व साहस के बल पर आप नई ऊंचाइयां छू सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी पुराने मुद्दे का समाधान मिलेगा। किसी चल-अचल संपत्ति का विवाद हल हो सकता है।

### कुंभ

कुंभ राशि के लोगों को लाभ होगा और बेहतर होगा कि आप किसी रिश्ते या कार्य में अनावश्यक शक से बचें। यह समय और धन दोनों का नुकसान करवा सकता है। नियोजित योजनाएं सफल होंगी।

### मीन

आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप कुछ नया सीखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप राजनीति में भी हाथ आजमाने की सोचेंगे। यदि आपका प्रॉपर्टी को लेकर कोई मामला अटका हुआ था, तो वह भी सुलझ सकता है।

# लक्ष्मी यादव बनी राजस्थान नर्सेज एसोशियशन एकीकृत की जिला उपाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** राजस्थान नर्सेज एसोशियशन (एकीकृत)के प्रदेशाध्यक्ष पवनकुमार व प्रदेश उपाध्यक्ष पीएम मीणा निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष त्रिलोकचन्द मीणा ने कार्यकारणी का विस्तार किया है। जिलाध्यक्ष त्रिलोकचन्द मीणा ने कार्यकारणी का विस्तार करते हुए कार्यकारणी में नर्सिंग ऑफिसर मूंडिया लक्ष्मी यादव को जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष त्रिलोकचन्द मीणा, कार्याकारी जिलाध्यक्ष श्योजीलाल यादव व ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम शर्मा व उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा ने नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव को नियुक्ति-पत्र देकर कार्यकारणी में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए निर्देशित किया है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एवं टॉपर्स सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** नवदीप पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र दत्त शर्मा ने योग के महत्व को समझाया एवं विद्यार्थियों को कुछ सामान्य योगाभ्यास करवा कर उसे नियमित जीवन का अंग बनाने की प्रेरणा दी। बच्चों ने पूरे उत्साह और आनंद के साथ योग में भाग लेकर शरीर, मन और आत्मा के सामंजस्य का अनुभव किया।कार्यक्रम के दूसरे चरण में, विद्यालय के कक्षा 5वीं, 8वीं,10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को माला, साफा एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक ने टॉपर्स को बधाई देते हुए उन्हें मोबाइल की लत, नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की सलाह दी एवं माता-पिता को ही सच्चा भगवान मानकर सदा उनका आदर करने का संदेश दिया।कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या ममता शर्मा, ताराचंद जांगिड़, मुकेश कुमार गौतम, ममता मित्तल, विनोद मित्तल,जयंत शर्मा, अशोक गुप्ता, रितेश शर्मा सहित अन्य शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित थे।




# खड़ी एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** कृषि मंडी में खड़ी एक इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई और वह धूं-धूंकर जलने लगी। लोगों ने दौडक़र आग बुझाई। केएमजी दुकान के मुनीम राजेश गुर्जर ने बताया कि वह दुकान के बाहर स्कूटी खड़ी कर दुकान में बैठा हुआ था। इसी दौरान अचानक खड़ी स्कूटी में आग लग गई। ८

# योग दिवस पर मालपुरा क्षैत्र रहा योग मुद्रा में

## योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के बारे में दी जानकारी, करो योग रहो निरोग का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र की सुविख्यात धार्मिक नगरी डिग्गी विजय सागर तालाब की पाल उपखण्ड प्रशासन मालपुरा के तत्वावधान में नगरपालिका डिग्गी के सहयोग से 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित ब्लाक स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में मौजुद अधिकारी, कर्मचारी,जनप्रतिनिधि सहित आम जन ने सामूहिक योग कर शरीर को रोग मुक्त व स्वस्थ रहने की सीख ली।

प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी अपने नागोर जिले के दौरे के दौरान डीडवाना में आयोजित योग कार्यक्रम का दीप प्रज्जलवन कर शुभारम्भ कर स्वयं ने योग किए। इधर सरकार व जिला प्रशासन की ओर से इस बार ब्लाक स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम धार्मिक स्थल पर रखने के आदेशो की पालना में उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशानुसार नगरपालिका डिग्गी के सहयोग से विजय सागर की पाल पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल, डिग्गी एसएचओ सत्यनारायण चौधरी, नगरपालिका डिग्गी के ईओ पद का कार्य देख रहे डिग्गी नायब तहसीलदार हंसराज जाट सहित मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के सभी अधिकारियो, कर्मचारियो, जनप्रतिनिधियो, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के सदस्यो व आम जन ने सामूहिक योग किया। कार्यक्रम में दक्ष प्रशिक्षक ने योग के माध्यम से शरीर को पूर्ण रूप से रोग मुक्त रखने व शरीर को स्वस्थ रखने के लिए किए जाने वाले योग के बारे में विस्तार से जानकारी देकर योग क्रियाऐं करवाई। साथ ही प्रशिक्षको ने वर्तमान समय की भागमभाग व व्यस्तम जिन्दगी में शरीर व मस्तिष्क को स्वस्थ एवं तन्दरूस्त रखने के लिए योग को आवश्यक बताया। उन्होने कहा कि वर्तमान में केवल योग से ही जीवन को स्वस्थ एवं सुरक्षित बनाया जा सकता है। करो योग रहो निरोग आवश्यक है। अंत में नगरपालिका डिग्गी ईओ हंसराज जाट ने कार्यक्रम को सफल बनाने एवं कार्यक्रम में उपस्थित रहने पर सभी का आभार प्रकट किया। इसके अलावाकेन्दीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर की अगुवाई में योग शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर में संस्थान के वैज्ञानिको, अधिकारियो व कर्मचारियो ने योग क्रियाऐं कर शरीर को स्वस्थ रखने के नुस्खे जाने। मालपुरा अदालत परिसर स्थित तालुका विधिक सेवा समिति मालपुरा के योग शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में हार्टफुलनेस संस्था जयपुर के दक्ष प्रशिक्षक डॉ. कैप्टेन सरिता अग्रवाल,विष्णु बारेठ, खेराज सिंह, उमा गुप्ता ने योग, प्राणायाम व ध्यान के बारे में जानकारी देकर योग करवाया। इस दौरान एडीजे स्नेहा जाखड़, एसीजेएम पायल गौतम, सिविल न्यायाधीश धर्मेन्द्र शर्मा, अभ्रिभाषक संघ के पदाधिकारी व सदस्य मौजुद रहकर सामूहिक योग क्रियाऐ की। इसके अलावा सदरपुरा रोड स्थित स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल में योग दिवस के मौके पर शिक्षको व विद्यार्थियों ने योग गुरू रामजीलाल शिक्षक व शारिरीक शिक्षक श्रवणलाल के निर्देशन में योग किए।



# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले भर में रहा उत्साह

## सामूहिक योगाभ्यास कर 'पहला सुख निरोगी काया' का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष में शनिवार को जिले भर में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित हुए। जिला मुख्यालय के बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल स्टेडियम के इंडौर हाल एवं जिले के प्रमुख ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थलों समेत सभी छोटे-बड़े कस्बों, पंचायत मुख्यालय पर हजारों लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर %पहला सुख निरोगी काया% का संदेश दिया।

जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भगवान धन्वंतरी एवं महर्षि पतंजलि की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विशाखापट्टनम से संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया।



योगाभ्यास योगनाद और ? के उच्चारण से शुरू हुआ। योग प्रशिक्षकों ने भारत सरकार के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सभी को योग क्रियाएं कराई।

जिला प्रमुख सरोज बंसल ने उपस्थित जनसमूह को योग और प्राणायाम का संकल्प दिलाया। साथ ही नशा मुक्ति एवं स्वीप गतिविधियों के तहत निष्पक्ष मतदान की शपथ भी दिलाई गई। अद्भुत योग क्रियाओं की प्रस्तुति पर टोंक योगा टीम को पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने 21 हजार रुपए की राशि से पुरस्कृत किया । राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मंच संचालन कवि प्रदीप पंवार ने किया।

इस दौरान जिला प्रभारी सचिव महावीर प्रसाद मीना, पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान,एडीएम रामरतन सौकरिया, सीईओ परशुराम धानका, एएसपी गीता चौधरी, बृजेंद्र सिंह भाटी, जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान,पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता,पूर्व नगर परिषद सभापति लक्ष्मी जैन, गणेश माहुर, सतीश चंदेल,राजेंद्र पराना,प्रभु बाड़ोलिया,नरेश बंसल,विष्णु शर्मा,खेमराज मीना,ओमप्रकाश गुप्ता,अंजली गुप्ता,राहुल टिक्कीवाल समेत बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, पुलिस के जवान, स्काउट व गाइड, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, राजकीय विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

# मॉडल स्कूल में 11वीं कक्षा में प्रवेश की अंतिम तिथि कल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 11वीं मे प्रवेश के लिए रिक्त सीटों प्रवेश प्रक्रिया के लिए 23 जून तक आवेदन कर सकते है। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार जिला स्तर पर गठित प्रवेश समिति की ओर से नियमानुसार प्रवेश दिए जाएंगे। रिक्त सीटों पर पात्र आवेदकों से 23 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। विज्ञान संकाय के अंतर्गत गणित एवं जीव विज्ञान विषय के इच्छुक विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र कार्यालय प्रभारी निकलेश सेन से विद्यालय समय 7ः30 से 11ः30 के मध्य निशुल्क प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण छात्रों को न्यूनतम 55 प्रतिशत व संबंधित विषय में 60 प्रतिशत तथा अन्य बोर्ड से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के लिए 60 प्रतिशत व संबंधित विषय में 65 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता है। 26 जून को चयनित आवेदकों की सूची जारी की जाएगी तथा 30 जून तक चयनित आवेदकों से समस्त वांछित दस्तावेज प्राप्त कर प्रवेश दिया जाएगा। 1 जुलाई से कक्षा 11वीं में नियमित अध्ययन प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि समस्त विद्यार्थियों को विद्यालय में निशुल्क पाठ्य पुस्तके उपलब्ध कराई जाएगी। प्रवेश नीति के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के प्रवेश के पश्चात रिक्त सीटों पर शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

# 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवसः हजारों नागरिकों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

## प्रतिदिन योग कर तन मन को रखे स्वस्थः प्रभारी मंत्री दक

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर जिला स्तरीय 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्राहलय में आयोजित हुआ।

जिले के प्रत्येक ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर भी सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों नागरिकों ने भाग लिया और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

इस मौके पर प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान एवं जिला प्रभारी सचिव अनुपमा जोरवाल ने कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जो आज संपूर्ण विश्व को शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य की ओर प्रेरित कर रही है।



मंत्री दक ने आह्वान किया कि हर नागरिक प्रतिदिन योग को अपनाए, अपने परिवार को योग से जोड़े और अगली पीढ़ियों को इस परंपरा से जोड़ने का संकल्प ले। उन्होंने योग को अवसाद, चिंता, अनिद्रा और आधुनिक जीवन की अन्य समस्याओं से मुक्ति का सशक्त साधन बताया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को नियमित योग करने व दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प भी दिलाया।

जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक रजत भारद्वाज और डॉ पूजा ने प्रार्थना, ग्रीवा चालन, स्कंधा संचालन, कटि चालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्धउष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, , वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, , अर्द्धहलासन, पवनमुक्तासन, शवासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान, संकल्प एवं शान्ति पाठ आदि योग एवं प्राणायाम करवाए।

आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक एवं नोडल अधिकारी डॉ. हनुमान प्रसाद शर्मा ने योग की निरंतरता पर बल दिया!

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत नशामुक्ति की सामूहिक शपथ भी दिलाई गई।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर संजय शर्मा ने कार्यक्रम में पधारे सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान एवं जिला प्रभारी सचिव अनुपमा जोरवाल, जिला कलक्टर शुभम चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, एसडीएम अनुप सिंह, सीएमएचओं डॉ. अनिल जैमिनी सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, नेहरू युवा केन्द्र के वॉलिन्टियर्स, स्काउट गाइड, कॉलेज एवं विद्यालय के विद्यार्थियों, योग संस्थाओं एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साह पूर्वक योगाभ्यास किया।

# ब्रह्माकुमारीज़ के राजयोग भवन में 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

## एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय योगाभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( कमल मीणा )।** 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोग भवन में उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के साथ भारत विकास परिषद, श्री व्यापार संघ जवाहर बाजार टोंक, ए यू स्माल बैंक शाखा टोंक व माय भारत केंद्र टोंक ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर योग क्रियाओं के साथ राजयोग का अभ्यास किया।

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रमेश काला ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान में आकर हमें आत्मिक शांति प्राप्त हुई, निश्चित रूप से योग आत्मा की उन्नति के लिए यह उचित मार्ग है। इस योग साधना में विश्व कल्याण का भाव निहित है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र टोंक प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने योग का महत्व बताते हुए कहा की योग सिर्फ एक दिन अभ्यास करने का नहीं है बल्कि योग को नियमित रूप से दैनिक दिनचर्या और यहां तक कि हमारे हर कर्म से जोड़ दिया जाए तो हमारा जीवन श्रेष्ठ बन जाएगा। उन्होंने बताया कि आत्मा और परमात्मा के सुंदर मिलन की अनुभूति करना ही राजयोग है जो हमारी आत्मिक ऊर्जा को बढ़ाता है, इससे हम अपने तन मन को सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर कर जीवन की हर परिस्थितियों के लिए स्वयं को सशक्त बना सकते हैं। दीदी ने राजयोग की गहन अनुभूति करवाई। उन्होंने सेवा केंद्र पर पधारने पर सभी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।




कार्यक्रम में श्री व्यापार संघ जवाहर बाजार टोंक के अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि आज ही के दिन भगवान शिव ने योग सिखाया था। वही योग पतंजलि संस्थान द्वारा विश्व भर में फैलने का कार्य किया है और आज हम सब उसका अभ्यास करते हैं।

वहीं ए यू स्माल बैंक शाखा टोंक के ब्रांच मैनेजर प्रेम प्रकाश शर्मा ने संस्थान का आभार जताते हुए कहा कि यहां के आध्यात्मिक वातावरण में योग का महत्व और बढ़ जाता है।अंत में सभी संस्थान की ओर से प्रभु प्रसाद वितरित किया गया।

# कथा गंगा की तरह है, इसमें जो भी डुबकी लगाएंगे वो भव से पार हो जाएंगे - पुष्करदास महाराज

## श्रीमद् भागवत कथा की पूर्णाहुति आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** झूलेलाल धर्मशाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथावाचक पुष्करदास महाराज के द्वारा चल रही संगीतमय भागवत कथा में छठे दिन टोंक के तुलसीदास महाराज ने कहा कि कथा भी एक गंगा की तरह है। इसमें जो भी डुबकी लगाएंगे वो भव से पार हो जाएंगे। महाराज ने कहा कि यशोदा, नंदबाबा के घर जब परमानंद आया तो उन्होंने सब कुछ लुटाया। क्योंकि उनके घर सच्चिदानंद स्वरूप खुद ईश्वर पधारे थे। उन्होंने कहा कि सत्संग में कुछ भी मत करो तो भी फायदा है और कुसंगत में कुछ भी ना करो तो भी नुकसान है। उन्होंने बताया कि गो का मतलब इंद्रियों व वर्धन का मतलब बढऩा है। अंत में सभी भक्तों को 56 भोग करवाया। महिलाओं ने हाथ खड़े करके गिरिराज धारण के जयकारे लगाए। कथा में रास लीला का वर्णन किया। कथा में रूक्मणी विवाह के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया गया। इस दौरान कृष्ण रुक्मणी की सुंदर झांकी सजाई गई। कथा में दादू दयाल गौशाला आश्रम के प्रमुख संत प्रकाशदास महाराज ने भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालु सोनू फुलवानी ने बताया कि 7 दिवसीय संगीतमय कथा की पूर्णाहुति रविवार दोपहर 3 बजे होगी।

# निवाई में नगर कांग्रेस की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ, पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा रहे मुख्य अतिथि

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** निवाई के एक निजी फार्म हाउस में नगर कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।समारोह के दौरान कार्यकारिणी में शामिल सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। नई कार्यकारिणी में अनुभवी और ऊर्जावान नेतृत्व को दी गई जिम्मेदारी नवगठित कार्यकारिणी में सतीश शर्मा को नगर कांग्रेस अध्यक्ष,कमल जैन पहाड़ी को संगठन महासचिव,और सचिन जैन बहड़ को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी में 11 उपाध्यक्ष,21 महासचिव,और 21 सचिव शामिल किए गए हैं।प्रवक्ताओं के रूप में तनवीर कुरैशी, राजेश भट्ट और बिट्टू सैनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोशल मीडिया प्रभार प्रवीण पवार और राजेश जोगला को दिया गया है।साथ ही, कार्यकारिणी में 35 विशेष आमंत्रित सदस्य और 35 सामान्य सदस्य भी जोड़े गए हैं। विशेष बात यह रही कि वर्तमान पार्षदों को भी कार्यकारिणी में प्रतिनिधित्व प्रदान किया गया है, जिससे संगठन में जमीनी अनुभव का समावेश हुआ है।





विधायक अभिमन्यु पूनिया और पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा ने कहा कि

शांतिपूर्ण आंदोलनों और युवाओं की मांगों को दमन से दबाने की कोशिश भाजपा सरकार की विफलता और बौखलाहट को दर्शाती है। आज का युवा जागरूक है, उसे डराया नहीं जा सकता। हम इस गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट शंकर चौधरी और सीताराम शर्मा समेत अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सांसद संपर्क एवं प्रधानमंत्री धरती आबा शिविर में बोले केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव बिना भेदभाव के होंगे समग्र विकास कार्य

## राजगढ़-रैणी क्षेत्र में होंगे करीब 26 करोड़ रुपये के विकास कार्य

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने शनिवार को राजगढ़ की ग्राम पंचायत ईशवाना में ग्राम पंचायत बबेली, सालोली व माचाड़ी तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल जामडोली में ग्राम पंचायत जामडोली, कीलपुर खेड़ा, प्रागपुर व भुलेरी के लिए आयोजित सांसद संपर्क एवं प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिना भेदभाव के अंतिम छोर के वंचित व्यक्ति तक विकास पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के शिविरों तथा सांसद संवाद यात्रा के माध्यम से आमजन को राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इससे पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव का भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कोठी नारायणपुर बाईपास पर स्वागत किया।



### गांवों की क्षमता के विकास से साकार होगा विकसित भारत का संकल्प

केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए 'सबका साथ-सबका विकास' के मंत्र के साथ देश के गांवों की क्षमता में वृद्धि करना अत्यंत आवश्यक है। इसी दिशा में ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक मजबूती देने के लिए जिले के डेयरी सिस्टम को सशक्त किया जा रहा है। 300 करोड़ रुपये की लागत से 5 लाख लीटर क्षमता का नया संयंत्र जिले में स्थापित किया जाएगा। साथ ही, किसानों को राष्ट्रीय गोपालन मिशन के तहत उच्च नस्ल के पशु एवं चारे के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे।

### 26 करोड़ रुपये की लागत से होंगे ये विकास कार्य

केंद्रीय मंत्री यादव ने बताया कि 10 करोड़ रुपये की लागत से डेरा से सपडावली तक सड़क निर्माण की स्वीकृति जारी की गई है। इसी प्रकार 10 करोड़ रुपये की राशि से माचाड़ी से बबेली होते हुए रैणी तक सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई है। 56 लाख रुपये की लागत से डोरोली स्टैंड से गांव टोडा नागर स्कूल तक सड़क निर्माण की भी स्वीकृति दी गई है। साढ़े 4 करोड़ रुपये की लागत से जामडोली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का नया भवन बनाया जाएगा। साथ ही, जामडोली में नया विद्युत जीएसएस खोलने तथा बबेली में पशु चिकित्सालय केंद्र के निर्माण के प्रस्ताव भी भेजे जाएंगे।

सरस डेयरी के पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीणा ने क्षेत्रवासियों की ओर से केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव का आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ-साथ उनकी निरंतर उपस्थिति से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि डेयरी विकास के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक खुशहाली आएगी।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, संजय नरूका, नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, एल.एन. गुप्ता, पूरण सिंह नरूका, रामावतार चौधरी, प्रेमनाथ धामाणी, ऋषिराज शर्मा, प्रकाश दीक्षित, गब्बर सिंह मीणा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिविर में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए लोग

सांसद संवाद एवं धरती आबा शिविर में 20 से अधिक विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर ही आमजन को केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया गया। इनमें सिकल सेल जांच व जागरूकता, आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान कार्ड, जनधन खाता, बीमा कवरेज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, पीएम विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ऋण, रोजगार और महिला व बाल कल्याण की विभिन्न योजनाएं शामिल रहीं।

# उत्कर्ष शिविर के बालकों ने योग दिवस पर किया योगासन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** उपजोंन अलवर के अंतर्गत गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर उत्कर्ष शिविर के दूसरे दिन मूसी महारानी की छतरी पर पर्यटन विभाग के साथ योगासन किया। अलवर के प्राचीन ऐतिहासिक स्थल किशन कुण्ड पर श्रमदान करते हुए निर्माण सामग्री पहुंचाने में सहयोग कियाए बालकों को श्री राजदीप शर्मा जी एवं पर्यावरण सेवा समिति किशन कुण्ड ने जल संरक्षण के उद्देशों पर चर्चा करते हुए जल के बचत एवं उपायों को समझाया। गायत्री परिवार की महिला टीम ने समिति के सदस्यों के साथ बालकों को जल संरक्षण की शपथ कराई। इस अवसर पर देव संस्कृति विश्व विद्यालय की डॉ तरूणी साहू ने भी जल संरक्षण का महत्व बताया। प्रगति पारासर के नेतृत्व में बालकों ने प्राचीन ऐतिहासिक संग्रहालय का भ्रमण किया। वापस शक्तिपीठ पर बालकों के कई बौद्धिक सत्र हुए। गायत्री परिवार के वरिष्ठ साधक श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता जी ने नियमित उपासनाए साधना करते हुए जीवनभर अपने माता .पिता का सम्मान करनाए फ़िज़ूल खर्चीए फैशन परस्ती से बचने आदि विषयों को समझाते हुए किशोर उम्र के बालकों को समय को व्यर्थ नहीं गंवाने की शिक्षा दी। पुराने खेलों के प्रति बालकों की रुचि पैदा करने के लिए जलेबी कूदए लंगड़ी टांग आदि खेल पीटीआई श्री अशोक तिवाड़ी जी ने खिलाए। विज्ञान और अध्यात्म साथ -साथ विषय पर पीपीटी के माध्यम से श्री सूर्य प्रकाश शर्मा जी ने प्रकाश डाला।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित हुआ योगाभ्यास कार्यक्रम

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कस्बे के श्री प्यारेलाल गुप्ता राउमावि में ब्लॉक स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत विविध योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान अभ्यास से हुई। योग प्रशिक्षक योगेश शर्मा ने योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी, जिससे प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरणा मिली। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यह तन, मन और आत्मा को संतुलित करने का सशक्त माध्यम है। हमें इसे अपनी दिनचर्या में अपनाकर निरोगी जीवन की ओर बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम का समापन योग करें, निरोग रहें के प्रेरणास्पद संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम में तहसीलदार वी पी सिंह नरूका, थानाधिकारी राजेश कुमार मीना, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल कुमार मीना, आयुर्वेद अधिकारी रेणु ग्रोवर, विधानसभा संयोजक प्रेमनाथ धामानी, नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, डॉ खेमसिंह आर्य,जगदीश सैनी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के गणमान्य लोग, प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं कस्बे के राजकीय महाविद्यालय, भारत विकास परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारत स्काउट गाइड सहित ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुए।

# अलवर की बेटी ने यूरोप में किया नाम रोशन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर की बेटी अदिति शर्मा और दामाद दिलीप शर्मा को विश्व व्यापार संगठन और विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा आमंत्रित किया गया था, जहाँ उन्होंने 19-20 जून 2025 को आयोजित हुए आईपी रिसर्चर्स यूरोप कॉन्फ्रेंस में एक सहलेखक के रूप में संयुक्त प्रस्तुति दी। यह सम्मेलन जिनेवा विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अदिति शर्मा और दिलीप शर्मा ने सहलेखकों के रूप में ष्एक्सेस एंड बेनिफिट शेयरिंग व्यवस्था की प्रभावशीलता का मूल्यांकनष् विषय पर अपना संयुक्त शोध प्रस्तुत किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि जैविक संसाधनों पर आधारित अनुसंधान और नवाचार से प्राप्त लाभों का न्यायपूर्ण और समान वितरण कैसे सुनिश्चित किया जा सकता हैए और वर्तमान बौद्धिक संपदा शासन में किन सुधारों की आवश्यकता है। उनके शोध में विशेष रूप से इस बात पर बल दिया गया कि विकासशील देशों को पारंपरिक ज्ञान और जैव विविधता से उत्पन्न लाभों में उचित भागीदारी कैसे सुनिश्चित की जा सकती है। अलवर के श्रीमान पंकज शर्मा एडवोकेट की सुपुत्री एलॉर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में पढी तथा लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी, अलवर से पीएचडी कर रहीं अदिति शर्मा और उनके सहलेखक दिलीप शर्मा ने अपने शोध के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा कानूनए पारंपरिक ज्ञान और जैव विविधता संरक्षण जैसे विषयों में गहरी अंतर्दृष्टि प्रस्तुत की। जिनेवा में प्रस्तुत की गई उनकी इस संयुक्त प्रस्तुति को वैश्विक स्तर पर बहुत सराहा गया। यह उपलब्धि अलवर की बेटी और दामाद अदिति शर्मा और दिलीप शर्मा के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे अलवर, राजस्थान और भारत के लिए भी अत्यंत गर्व का विषय है। हम उनके उ%जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर केंद्रीय कारागृह में किया पौधारोपण



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर केंद्रीय कारागार जेलर रविंद्र उपाध्याय की उपस्थिति में ऑल इंडिया एंटी करप्शन बोर्ड द्वारा 51 छायादार, फलदार वृक्ष कारागार में लगाए गए। कार्यक्रम संयोजक प्रदेश अध्यक्ष गोपाल जायसवाल ने बताया कि अलवर केंद्रीय कारागृह सेंट्रल जेल में शुद्ध पर्यावरण संरक्षण प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पेड़ पौधे लगाए गए हैं जिसमें फलदार, छायादार सहित अन्य प्रकार के पौधे रोपण किए गए, कार्यक्रम संयोजक प्रदेश अध्यक्ष गोपाल जायसवाल ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष का रूप प्रदान करना चाहिए। हम सभी को पौधारोपण कर पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका निभानी चाहिए। इस दौरान केंद्रीय कारागार जेलर रविंद्र उपाध्याय, सचिन कसाना, अनुराग जसूजा, भरत चावला, बॉबी नरूला, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, महेंद्र गोयल व कारागार स्टाफकर्मियो ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# चिकित्सा शिविर में मरीजों का इलाज-राशन किट वितरित किए

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** आलमचंद गांधी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से एमजीबी ग्रुप के संस्थापक गुलशन भाटिया की स्मृति में आलमचंद गांधी मेमोरियल अस्पताल में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत पंजाब नेशनल बैंक मनुमार्ग के मुखय प्रबंधक गोविंद सिंह सोलंकी और वरिष्ठ प्रबंधक तुषार विजय तथा चन्द्रकांता भाटिया ने द्वीप प्र%वलित करके की। अध्यक्षता संरक्षक समाजसेवी दौलतराम हजरती ने की। मुखय ट्रस्टी मनीष भाटिया ने ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में समाजसेवी अशोक आहूजा, युवा समाजसेवी सौरभ कालरा, गुरप्रीत सिंह पवित्र, ट्रस्टी गोपाल भार्गव, बनवारी मीणा आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की और विचार व्यकत किए। संचालन धर्मेन्द्र अदलकखा ने किया। शिविर में मेदांता ग्रुप के चिकित्सक डा. दीपांशु, डा. साहिद और होमयोपैथिक चिकित्सक डा. दिव्या खत्री ने चिकित्सा परामर्श दिया। इस अवसर पर नि:शुल्क जांच भी हुई। शिविर में 111 मरीजों ने चिकित्सा परामर्श लिया। समाजसेवा से नाता गहरा:- मुख्य अतिथि बैंक के मुखय प्रबंधक गोविंद सिंह सोलंकी ने कहा कि सफलता के साथ समाज में वंचितों की सेवा करना बेहतर कार्य है। समाज में हमें सभी को साथ लेकर चलना चाहिए। वरिष्ठ प्रबंधक तुषार विजय ने कहा कि दिगी के मेदांता ग्रुप के नामी चिकित्सकों का यहां इलाज करना प्रशंसनीय है। शिविर में मेदांता ग्रुप के चिकित्सक डा.दीपांशु, डा. साहिद और होमयोपैथिक चिकित्सक डा. दिव्या खत्री ने चिकित्सा परामर्श दिया। इस अवसर पर नि:शुल्क जांच भी हुई। अंत में वंदना भाटिया ने आभार जताया।



# श्री जगन्नाथ रथयात्रा व मेले की तैयारी पूरी, मेले के लिए दुकानों का हुआ आवंटन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित जन जन के आराध्य देव श्री जगन्नाथ मंदिर से 27 जून को निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की 171 वीं रथ यात्रा की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। मंदिर महंत पूर्ण दास, पंडित मदनमोहन शास्त्री व पंडित रोहित शर्मा ने बताया कि ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा को भगवान जगन्नाथ का 108 जल कलशों और पंचामृत से अभिषेक का कार्यक्रम आयोजित हुआ। अभिषेक के पश्चात भगवान जगन्नाथ 15 दिनों के लिए इस समय गर्भ गृह में विराजमान है। जहां उनके अंग सेवा और औषधि युक्त काढ़े आदि से उपचार इलाज आदि का कार्य किया जा रहा है। भगवान जगन्नाथ की विशेष प्रकार की सेवा पूजा अर्चना की जा रही है ताकि भगवान जगन्नाथ अति शीघ्र स्वस्थ होकर अपने भक्तों को दर्शन दे।

# दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को डिजिटल सशक्तिकरण की मुख्यधारा में लाने के लिए आयोजित हुआ आईसीटी प्रशिक्षण

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** अलवर ई विद्या प्रोजेक्ट अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा संचालित आत्मनिर्भर दिव्यांग अभियान प्रोजेक्ट पहचान के तहत शनिवार को कस्बे के माचाड़ी मार्ग स्थित श्री प्यारेलाल गुप्ता राउमावि में आईसीटी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण में राजगढ़, लक्ष्मणगढ़, कठूमर, रैणी के 24 दृष्टि बाधित छात्र उपस्थित रहे। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बताया कि यह प्रशिक्षण राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर से एमओयू प्राप्त साइटसेवर्स इंडिया एनजीओ के सहयोग से संपन्न हुआ। जिसने पूर्व में चयनित विद्यार्थियों को लैपटॉप, मोबाइल एवं डेज़ी प्लेयर जैसे डिजिटल सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए हैं। इन उपकरणों में विशेष सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन शैक्षणिक प्लेटफॉर्म से सहजता से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट अलवर ई-विद्या के तहत दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को डिजिटल सशक्तिकरण की मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी कदम सिद्ध हुआ है। प्रशिक्षण में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल कुमार मीना, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार शर्मा तथा मनीष जैमन एवं एवं ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति पिंटू शर्मा, लखनलाल गुर्जर तथा साइटसेवर्स टीम इंडिया के दक्ष प्रशिक्षक एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# योग दिवस का सफल बनाने में आयुर्वेद विभाग की रही शानदार भूमिका

## जन संपर्क प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.पवन सिंह शेखावत की मेहनत लाई रंग

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** विश्व योग दिवस के नोडल प्रभारी आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ.करण सिंह दहियाए सहायक निदेशक डॉ सुरेश कुमार वर्मा, जन संपर्क प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.पवन सिंह शेखावत सहित इंदिरा गांधी स्टेडियम में प्रभारी डॉ महिपाल चौहान, डॉ मुकेश चंद प्रजापतए डॉ राजेंद्र नरूका, डॉ सुशीला मीना, प्रशासनिक अधिकारी योगेश शर्मा जी की टीम। मूसी महारानी की छतरी पर :-प्रभारी डॉ अशोक गंगवाल सहित डॉ मुकेश साहू, डॉ बबिता कुमारी, डॉ. जितेंद्र तिवाडी कंपनी बाग में प्रभारी डॉ रवि यादव, डॉ उमेंद्र मीना, डॉ प्रियंका आहूजा एवं बायोडायवर्सिटी पार्क में प्रभारी उमादत्त शर्मा, डॉ हेमंत कुमार मीना, डॉ विकास यादव एवं डॉ कमल मीना की टीम ने कार्य व्यवस्था संभाली।

विश्व योग दिवस कार्यक्रम में गांधी स्वास्थ्य सदन समितिए पतंजलि योग संस्थानए कल्पतरु योग संस्थान, सर्वहितकारी योग संस्थान के योग प्रशिक्षको ने स्टेडियम सहित सभी योग स्थलों पर योगाभ्यास करवाया साथ ही आरडीएनसी मित्तल फाउंडेशन का योगदान रहा। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, भारतीय सेना एवं समस्त विभागों की सहभागिता एवं सहयोग रहा।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर स्थानीय पटेल मैदान में जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया

## जिला स्तरीय कार्यक्रम में हुआ सामूहिक योग

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर स्थानीय पटेल मैदान में जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला कलक्टर लोक बन्धु ने बताया कि आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध तथा होम्योपैथी (आयुष) विभाग को अन्तराष्ट्रीय योग दिवस आयोजन के लिए नोडल बनाया गया। अजमेर का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय पटेल मैदान में हुआ। इसमें सामूहिक योग किया गया। योग गतिविधि का संयोजन भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति के द्वारा किया गया था। योगाचार्य यतीन्द्र शास्त्री के निर्देशन में योग किया गया। इनका सहयोग सुशान्त ओझा तथा अल्का सिंह, ममता राव, देवान्शु ओझा ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महर्षि पतंजलि के चित्र के समक्ष दीप



प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्बोधन का सीधा प्रसारण हुआ।

उन्होंने बताया कि शिथिलीकरण के अभ्यास में ग्रीवा चालन, स्कन्ध चालन, कटि चालन एवं जानु (घुटना) चालन की क्रियाएं करवाई गई। खड़े होकर किए जाने वाले व्यायाम ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्धचक्रासन एवं त्रिकोणसन का अभ्यास हुआ। कार्यक्रम में बैठकर करने वाले भद्रासन, व्रजासन, अर्द्धवउष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तानमंडूकासन तथा वक्रासन से होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। पेट के बल लेटकर मकरासन, भुजंगासन तथा शलभासन करवाए गए। इसी प्रकार पीठ के बल लेटने के उपरान्त सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्द्धहलासन, पवनमुक्तासन, शवासन आदि करवाकर नियमित योगाभ्यास का संकल्प दिया। प्राणायाम सत्र के अन्तर्गत कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रामरी का अभ्यास करवाया। समाधि मुद्रा में ध्यान भी हुआ। विश्व में शांति जगेगी योग से गीत का गायन हुआ। एशियन गेम के गोल्ड मेडलिस्ट अर्जुन परमार ने हनुमान चालीसा पर योग नृत्य की प्रस्तुति दी। चौंपियंस योग अकादमी के विद्यार्थियों ने सामूहिक योग नृत्य भी किया। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने कहा कि योग दिवस के कार्यक्रम जिले भर में आयोजित हुए। 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम पटेल मैदान पर आयोजित हुआ। जिले की समस्त 237 ग्राम पंचायत पर ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस प्रकार जिले के 2193 स्थानों पर 2 लाख 86 हजार 448 व्यक्तियों ने योग किया।

देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने कहा कि भारतीय संस्कृति सर्वे भवंतु सुखिन के मंत्र को आत्मसात करके कार्य करती है। योग दिवस के माध्यम से यह संदेश संपूर्ण विश्व में गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में संपूर्ण विश्व को योग की विधा अपनाने का मौका प्रदान किया है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को योग के माध्यम से स्वस्थ रहकर मानवता के लिए कार्य करना चाहिए।

प्रभारी सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी का अनुभव होता है। दैनिक जीवन में प्रोटोकॉल के साथ सभी को योग करना चाहिए। इससे मानसिक और शारीरिक रूप से सुदृढ़ता प्राप्त होगी।

समस्त प्रतिभागियों ने मतदान की शपथ ली। यह शपथ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी गजेंद्र सिंह राठौड़ ने दिलाई। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर श्रीमती ब्रज लता हाडा, उप महापौर नीरज जैन, जनप्रतिनिधि समदर सिंह रावत, संभागीय आयुक्त श्री हेमंत गेरा, अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी उपस्थित रहे।

## हिमाचल प्रदेश में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में चित्तौड़गढ़ के कांग्रेस प्रतिनिधियों ने भाग लिया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** अहिंसा के रास्ते देश सेवा हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 16 से 19 जून 2025 तक चार दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण शिविर का हिमाचल प्रदेश के लेह लद्दाख के समीप लाहौल स्पीति के खगसर वैली में आयोजन किया गया।जिसमे चित्तौड़गढ़ से दो कांग्रेस प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया।उक्त चार दिवसीय शिविर में भारतीय संविधान एवं कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए आयोजित अहिंसा के रास्ते प्रशिक्षण शिविर में सचिन राव ने वर्तमान राजनीतिक दौर मे महात्मा गांधी के आदर्शों को आत्मसात करते हुवे कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का संकल्प दिलाया गया।



इस चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में देशभर से लगभग 40 कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया।जिसमे चित्तौड़गढ़ जिले से शंभूलाल प्रजापत एवं निवर्तमान कांग्रेस नगर कपासन अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत द्वारा भाग लिया गया।इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रमदान कर हिमालय की खगसर वैली मे वृक्षारोपण किया गया।

## गीतांजलि कॉलोनीवासियों ने सीसी सड़क निर्माण की मांग को लेकर विधायक कृपलानी से की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** निम्बाहेड़ा वार्ड नं. 15 में गीताजंली कॉलोनी की शेष गलियों में सीसी रोड निर्माण के लिए कॉलोनी वासियों ने पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी से मुलाकात की।



इस अवसर पर कॉलोनीवासियों ने विधायक कृपलानी को अवगत करवाया कि नगर परिषद द्वारा डामर की सड़क बनाई जा रही, जिसके स्थान पर सीसी रोड़ बनाया जाए। इस पर विधायक कृपलानी ने डामर सड़क कार्य रुकवाकर सीसी सड़क बनवाने के निर्देश दिये। इस दौरान पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी एवं जिला उपाध्यक्ष रत्नेश छाजेड़ भी उपस्थित रहे। विधायक कृपलानी से भेंट करते समय कॉलोनी क्षेत्र के मनोज डांगी, राजकुमार चपलोत, रवि मोदी, रामलाल चौधरी, अभिषेक वडारा, ललित संचेती, जिनेंद्र सिंघवी, सुनील मोदी, गौरव बाफना, करण सिंह छाजेड़ अनिल मालू आदि मौजूद रहे।

## जेके सीमेंट लिमिटेड ने 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** निम्बाहेड़ा जेके सीमेंट लिमिटेड ने 21 जून, 2025 को अपनी कैलाश नगर कॉलोनी के ए4 ग्राउंड में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। इस अवसर पर कंपनी के निम्बाहेड़ा व मांगरोल के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने सामूहिक योग सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया।योग सत्र में विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया गया, जिससे सभी उपस्थित लोगों में नई ऊर्जा और स्फूर्ति का संचार हुआ। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम पूरे राष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार आयोजित किया गया। इस अवसर पर, जेके सीमेंट लिमिटेड निम्बाहेड़ा व मांगरोल के यूनिट हेड,मनीष तोषनीवाल ने सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने इस आयोजन में उनकी सक्रिय भागीदारी की सराहना की। तोषनीवाल ने योग को जीवन में निरोगी होने के लिए आवश्यक बताया। साथ ही दैनिक जीवन में योग के असंख्य लाभों पर अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए, जिसमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, तनाव कम करना और एकाग्रता बढ़ाना शामिल है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने से यह हमें अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों से निपटने के लिए एक बूस्टर की तरह मदद कर सकता है और हमें पूरे दिन ऊर्जावान बनाए रख सकता है।कार्यक्रम का समापन एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन शैली के लिए योग के महत्व पर जोर देने के साथ हुआ।



## पी एचडी अधिकारियों की लापरवाही से ग्रामीणों को दूषित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है

### ग्रामीणों को टंकी में बंदरों की लेटरिंग औरअवशिष्ट पदार्थ मिलने से ग्रामीणों में रोश व्याप्त



सिंगावल देवनारायण मंदिर परिसर में स्थित पेयजल टंकी की सफाई करते हुए बीजेपी नेता दुर्गा प्रसाद टेलर, एडवोकेट सांवरलाल गुर्जर व साथीगण

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड की ग्राम पंचायत सिंगावल के सदर बाजार देवनारायण मंदिर की पेयजल टंकी मे पी एचडी अधिकारियों की लापरवाही के चलते ग्रामीणों को दूषित पेयजल मिल रहा है। सिंगावल ग्राम के मुख्य बाजार देवनारायण मंदिर के पास स्थित पानी की टंकी जिसमें बीसलपुर का पानी की आपूर्ति होती है।

जहाँ पी एचडी अधिकारियों की लापरवाही से टंकी की सफाई नहीं हो पाई तथा ज़ब ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति नहीं हुई तो स्थानीय नागरिक दुर्गा प्रसाद ट्रेलर, एडवोकेट सांवर लाल गुर्जर और कुछ ग्रामीणों ने टंकी को देखा तो टंकी में बंदरों की लेटरिंग ( अवशिष्ट पदार्थ)मिला तब भाजपा नेता दुर्गा प्रसाद ट्रेलर, एडवोकेट सांवर लाल गुर्जर ने साथियो के साथ मिलकर ग्रामीणों को दूषित पेयजल से बचाने के लिए श्रमदान करके टंकी सफाई की ।पी एचडी अधिकारियों की लापरवाही से ग्रामीणों को दूषित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है द्य इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

## परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय रावतभाटा में योग दिवस धूम धाम से मनाया

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा (नि.स.)। परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक -2,रावतभाटा में 21जून को ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

विद्यालय की प्रातः कालीन सभा में योग दिवस के अवसर पर चौथी कक्षा की वैष्णवी पांडेय ने योग संबंधित सुंदर कविता प्रस्तुत की। दसवीं कक्षा के छात्र निर्मल ने समाचार प्रस्तुत किए। कक्षा सातवीं की तन्वी मीणा ने योग विषय पर अंग्रेजी में वक्तव्य प्रस्तुत किया। नवीं कक्षा के छात्र प्रथमेश कपाले ने योग से संबंधित अपने प्रेरणादाई विचार प्रस्तुत किए।

योग दिवस पर विशेष सभा के प्रारंभ में विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकेश जोशी ने योग शिक्षिका श्रीमती नेहा पांड्या का स्वागत किया द्य प्रधानाचार्य ने फिर विद्यार्थियों को संबोधित किया और कहा कि योग से शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है अतः सभी को दैनिक जीवन में इसे शामिल करना चाहिए ।




इस अवसर पर योग प्रशिक्षिका नेहा पांड्या ने विद्यार्थियों को ताड़ासन, वृक्षासन , त्रिकोण आसन, अर्धचक्रासन, महा मुद्रा, मकरासन, भुजंगासन, नौकाआसन, धनुरासन, सेतुबंध आसन आदि कुल 18 आसनों का अभ्यास करवाया तथा इनसे होने वाले लाभों के बारे में भी सभी को अवगत करवाया । इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षकगण, एवं बाल वाटिका से लेकर कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने योगासनों का अभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक डॉक्टर ए.एच. खान और शिक्षिका रंजना यादव ने किया। सर्वश्रेष्ठ योग अभ्यास करने वाले छात्र छात्राओं को प्रधानाचार्य लोकेश जोशी उपप्रधानाचार्य मुकुंद देवधर और योग प्रशिक्षिका नेहा पांड्या ने पुरस्कृत किया। कक्षा दसवीं की छात्रा अवनी मीणा और समीक्षा कुमावत ने योग प्रशिक्षिका नेहा पांड्या को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य मुकुंद देवधर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य एवं अभिभावक भी उपस्थित थे।

## तहसील कपासन के लांगच ग्राम में शिक्षकों के साथ ग्रामीणों ने योगाभ्यास किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्षेत्र के राजकीय विद्यालय लांगच में शिक्षकों एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास किया गया।जानकारी अनुसार तहसील क्षेत्र कपासन के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लांगच परिसर में शनिवार को शिक्षकों के साथ स्थानीय ग्रामीणजनों द्वारा उत्साहपूर्वक योग किया गया।जिसमे योग गुरु हीरालाल शर्मा द्वारा ग्रामवासियों एवं युवा वर्ग को प्रतिदिन योग करने के फायदे तथा योग से होने वाले विभिन्न रोगों के उपचार संबंधी जानकारी से अवगत कराया गया।



इस मौके पर भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री कैलाश सुखवाल,भाजपा मीडिया प्रभारी हरिशंकर सुखवाल, उपसरपंच घनश्याम सिंह,समाजसेवी देवीलाल डांगी, प्रधानाचार्य डॉक्टर एमएल झामड़,पंचायत सचिव रामेश्वर सालवी सहित ग्रामीणजन उपस्थिति रहे।

# उपखंड स्तरीय योग दिवस 2025 कार्यक्रम पर्यटन स्थल ग्राम देवमाली में आयोजित हुआ

### विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत रहे मुख्य अतिथि , एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम पर आयोजित हुआ योग दिवस कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत के मुख्य अतिथि में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मसूदा उपखंड प्रशासन द्वारा देवमाली पर डॉक्यूमेंट्री भी जारी की गई।

इस अवसर पर योग भी वोट भी अभियान के तहत मतदाता जागरूकता के तहत मतदान हेतु उपखंड अधिकारी कुलदीप शेखावत उपस्थित नागरिकों को शपथ दिलाई गई।

मसूदा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर उपखंड स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम पर्यटन स्थल ग्राम देवमाली में आयोजित किया गया।

एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में माननीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वल किया सामूहिक योगअभ्यास से पहले आयोजन स्थल पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दिए गए संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया।



इस दौरान योग के विभिन्न आसन॰ योग शिक्षक महेंद्र सिंह कानावत एवं देवल मुनि ने योग में प्राणायाम आदि का उपस्थित सभी नागरिकों को अभ्यास करवाया गया। इसमें कपालभाति अनुलोम विलोम प्राणायाम सूर्य नमस्कार आदि अभ्यास करवाए।

दैनिक जीवन का हिस्सा बनने के लिए किया प्रेरित॰

मुख्य अतिथि माननीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने भी स्वयं सूर्य नमस्कार एवं योग व्यायाम अभ्यास करके योग के महत्व के बारे में बताया।

माननीय विधायक महोदय ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं यह जीवन जीने की कला है योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाए यह नए केवल तन मन को सुदृढ़ करता है बल्कि जीवन में अनुशासन आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा भी भरता है ।

इस दौरान उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत ने भी योग के महत्व के बारे में कार्यक्रम में उपस्थित नागरिक गण को योग के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए संकल्प दिलाया एवं योग भी वोट भी अभियान के तहत कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों को मतदाता जागरूकता के तहत मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत पुलिस उप अधीक्षक मसूदा सज्जन सिंह राठौड़ तहसीलदार मसूदा शिल्पा चौधरी विकास अधिकारी मसूदा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मसूदा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रावत योगेंद्र सिंह जमोला कुमार सिंह राठौड़ एवं अन्य पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत फूलियाकलां के प्रशासक राव, कार्यवाहक पूर्व सरपंच धोबी एवं उपसरपंच लामरोड़ को किया कार्य मुक्त

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण (के एम कुरेशी )।** जिले के फुलिया कला की ग्राम पंचायत विगत लंबे अच्छे से भ्रष्टाचार की चपेट में थी आए दिन ग्राम पंचायत में नए-नए भ्रष्टाचार के आरोप जनता द्वारा लगाए गए विभागीय लाल फिता शाही के कारण उक्त सरपंचों पर आरोप सिद्ध होने के उपरांत भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी वर्तमान प्रशासक एवं पूर्व सरपंच व उप सरपंच को राजस्थान सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने ग्राम पंचायत फुलिया कला के आजाद राव प्रशासक व निवर्तमान सरपंच ग्राम पंचायत फूलियाकलां के विरूद्ध जांच रिपोर्ट में पद का दुरूपयोग कर ग्राम पंचायत फूलियाकलां में नियम विरूद्ध अपात्र व्यक्तियों को रियायती दर पर भूखण्ड देने एवं अवैध पट्टे जारी करने संबंधी आरोप प्रमाणित पाये गये है जिसके क्रम में राज्य सरकार द्वारा आजाद राव को ग्राम पंचायत फूलियाकलां के प्रशासक के पद से पदमुक्त करने का विनिश्चय किया गया है। आजाद राव निवर्तमान सरपंच ग्राम पंचायत फूलियाकलां को जिला कलक्टर भीलवाडा के आदेश क्रमांक 1841 दिनांक 24.01.2025 के द्वारा उक्त ग्राम पंचायत का प्रशासक नियुक्त किया गया है। अतः विभागीय आदेश क्रमांक 13524345 दिनांक 11.02.2025 की पालना में एवं राज्य सरकार द्वारा लिये गये विनिश्चय के क्रम में ग्राम पंचायत फूलियाकलां के प्रशासक आजाद राव को ग्राम पंचायत फूलियांकलां के प्रशासक के पद से पदमुक्त किया जाता है। वहीं हरिसिंह लामरोड निवर्तमान उप सरपंच तथा वर्तमान प्रशासकीय समिति सदस्य ग्राम पंचायत फूलियाकलां के विरूद्ध नियम विरूद्ध पट्टा बुक प्राप्त करने एवं फर्जी पट्टे जारी करवाये जाने के संबंध में जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। उप सरपंच द्वारा पद एवं प्रभाव का दुरूपयोग कर नियम विरूद्ध सीधे ही पंचायत समिति से पट्टा बुक प्राप्त की गई जिसका ग्राम पंचायत रिकॉर्ड में उल्लेख नहीं है जिससे उक्त उप सरपंच एवं तत्कालीन सरपंच की आपसी मिलीभगत से पट्टा नियम विरूद्ध जारी होना जांच रिपोर्ट में प्रमाणित पाया गया है। जिसके क्रम में राज्य सरकार द्वारा हरिसिंह लामरोड को ग्राम पंचायत फूलियाकलां की प्रशासकीय समिति के सदस्य के पद से पदमुक्त करने का विनिश्चय किया गया है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस – जेसीआई एलुमनी जोन-5 ने दिया योग को जीवनशैली में अपनाने का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जेसीआई एलुमनी जोन-5 एवं मोशन एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष योग सत्र का आयोजन मोशन परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जोन चेयरमैन पियूष खंडेलवाल द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।इस अवसर पर योग शिक्षक एवं जेसीआई सदस्य राजीव खंडेलवाल व प्रीति खंडेलवाल ने उपस्थित सदस्यों को प्राणायाम, भ्रामरी, अनुलोम-विलोम, वज्रासन, ताड़ासन, वृक्षासन सहित कई उपयोगी योगासनों का अभ्यास कराया। उन्होंने नियमित योगाभ्यास से मानसिक शांति, शारीरिक स्फूर्ति और रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में मोशन के निदेशक नितिन विजय ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि यह जीवनशैली बनना चाहिए। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को न केवल रोगमुक्त रखता है, बल्कि मानसिक संतुलन भी प्रदान करता है।इस अवसर पर वरिष्ठ जेसीआई सदस्य पियूष जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि, योग हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है जिसे वैश्विक मंच पर पहचान मिली है। हमें गर्व है कि आज विश्व योग को भारतीय दर्शन के रूप में अपनाकर स्वास्थ्य की ओर बढ़ रहा है। जेसीआई सचिव प्रियांक माहेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष शरद गुप्ता, वैभव मोहता, धीरज गुप्ता, नीलम खंडेलवाल, अंजली खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर योगेश गुप्ता, पियूष परेटा, धर्मेंद्र मित्तल और सौरभ सिंघी ने कार्यक्रम की प्रभावी रूपरेखा बनाई।

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर जिले में मनाया गया ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

## जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के तत्वाधान में जिले में हजारों की संख्या में लोगों ने किया योगाभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर जिला स्तर पर ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह मचकुण्ड रोड़ स्थित परशुराम धर्मशाला पर प्रात: 6.30 बजे से आयोजित हुआ। योगाभ्यास से पूर्व प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विशाखापत्तनम से योग पर उद्बोधन का प्रसारण किया गया। योगाभ्यास में प्रभारी सचिव पी रमेश, जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, सीईओ जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना सहित बडी संख्या में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, आर.ए.सी. के जवानों एवं आमजन द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल



के अनुसार सूक्ष्म योग क्रियाओं के साथ हुई। योग की शुरुआत में ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटि संचालन, घुटना संचालन इत्यादि क्रियाएं कराई गईं। पतंजलि की योग टीम द्वारा ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, शशकासन, वक्रासन, पवनमुक्तासन, सहित कपालभांति व अनुलोम विलोम, भ्रामरी आदि का अभ्यास कराया गया।

इस दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीनतम विद्या है। इसकी साधना वस्तुत: शरीर, मन और आत्मा को शुद्ध करने की एक प्रक्रिया है। स्वस्थ, तनाव मुक्त और अनुशासित जीवन के लिए योग का महत्व आज पूरा विश्व समझ रहा है। योग न केवल हमारा स्वाभिमान बढाता है बल्कि उपयोगी एवं आत्मनिर्भर बनाकर कौशल प्रदान करता है। योग करने से आत्मविश्वास बढ़ता है भावनात्मक बुद्धिमत्ता में सुधार, चिंता दूर करने में सहायक तथा मन भी शांत रहता हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य जीवन, तन और मन के लिए नियमित रूप से योगा करना चाहिए। योगाभ्यास से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। इस दौरान योग दिवस से पूर्व आयोजित ड्रॉइंग प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग और वीडियो कॉन्टेस्ट के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. मनोज शर्मा ने सभी अधिकारियों एवं आमजन का योगाभ्यास कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद गर्ग ने बताया कि जिले में ब्लॉक स्तर, ग्राम पंचायत स्तर शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों, निजी संस्थानों, एनजीओ, स्थानीय प्रशासन द्वारा आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रमों में लोगों ने भाग लिया। जिला कलक्टर ने सभी को नियमित योग करने की शपथ भी दिलवाई। सत्र का समापन शान्ति पाठ से हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेत्री इंदु देवी जाटव, चिकित्सा अधिकारी योग एवं प्राकृतिक अनुसंधान केन्द्र डॉ. त्रिलोक चन्द्र, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन सहित आमजन एवं अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# योग से शारीरिक प्रतिरोध क्षमता बढ़ती है

## अस्थमा मधुमेह बीपी गठिया एवं जोड़ों के दर्द में अत्यधिक सहायक

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों के साथ उपखंड मुख्यालय के पीएम श्री जगन्नाथ पहाड़िया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पर सर में उपखंड स्तरीय योग शिविर का आयोजन किया गया।

### एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग-

वक्ताओं का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ है, जिसका अर्थ है एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग। प्रति वर्ष 21 जून को मनाया जाता है, जो वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और इसे ग्रीष्म संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को योग के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें अपने जीवन में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित करना है। संयुक्त राष्ट्र संघ में 11 दिसंबर 2014 को 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था।



### योग दिवस का महत्व

योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने में मदद करता है।यह एकता और शांति का संदेश फैलाता है।योग वैश्विक स्वास्थ्य संकटों के बीच एक सशक्त उपाय के रूप में काम करता है।कम उम्र में ही लोगों को हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियां हो रही हैं। नियमित योगाभ्यास इन बीमारियों से बचाव में सहायक है। उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा, तहसीलदार राजेंद्र मोहन और नगरपालिका ईओ सुरेश मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। योग प्रभारी सत्यवीर, दीपक आर्य वैद्य वीरेंद्र शर्मा ने उपस्थित उपस्थित लोगों को योगभ्यास कराया! उपखंड मुख्यालय के आदर्श विद्या मंदिर भारत विकास परिषद सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा अपने-अपने सुविधा अनुसार धार्मिक स्थलों पर योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया।

# ग्राहक संरक्षण कानून एक विवेचना पुस्तक आमजन के लिए विशेष उपयोगी- न्यायाधिपति आनंद पाठक

### ट्यूलिप से उथल-पुथल तक, बुकलेट का भी विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/ ग्वालियर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** अखिल भारतीय शाहिद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन ग्वालियर के स्थापना दिवस के पुनीत अवसर पर डॉ महेंद्र कुमार शर्मा एवं डॉक्टर प्रकल प्रताप सिंह द्वारा लिखित ग्राहक संरक्षण कानून एक विवेचना एवं हाल ही में पहलगाम कश्मीर की यात्रा के एक जीवन संस्मरण को अखिल भारतीय शाहिद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित एक बुकलेट (ट्यूलिप से उथल-पुथल तक ) के विमोचन हेतु समारोह का आयोजन इंटरनेशनल सेंटर ऑफ मीडिया एक्सीलेंस सभागार होटल शेल्टर कल्याण ज्वेलर्स के सामने पड़ाव ग्वालियर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यायमूर्ति राकेश सक्सेना पूर्व न्यायाधिपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग भोपाल ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आनंद पाठक माननीय प्रशासनिक



न्यायाधीश एवं न्यायाधिपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में जितेंद्र कुमार शर्मा अधिवक्ता एवं सदस्य बार काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली ,वरिष्ठ कानून विद प्रोफेसर डॉक्टर सुभाष शर्मा एवं डॉ एस के माथुर सेवानिवृत्ति कुलपति एवं फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य रहे।

कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थिति दर्ज करने वालों में पूरन कुलश्रेष्ठ अपर महाधिवक्ता मध्य प्रदेश शासन ,डॉ ठाकुर दास भूतपूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डॉ गणेश दुबे डीन एवं विभाग अध्यक्ष विधि संकाय जीवाजी विश्वविद्यालय , बी एल गुप्ता रिटायर्ड कमांडेंट बीएसएफ रामवीर सिंह चौहान रिटायर्ड लॉ प्रोफेसर एवं अधिवक्ता, एस पी निमराजे प्रेसिडेंट गोपाल कृष्ण सामाजिक संस्था, अश्विनी महेश्वरी एवं आशीष पारीक , सीएम डॉ ओपी सक्सेना ,जयप्रकाश मिश्रा ,आलोक शर्मा,,डॉक्टर संजय शर्मा एवं डॉक्टर अंजली शर्मा प्रोफेसर एमएलबी महाविद्यालय श्रीमती आभा शर्मा आलोक द्विवेदी डीके द्विवेदी एवं डॉक्टर राजेंद्र उपाध्याय आदि के अतिरिक्त महिला तिथियां में श्रीमती उषा माथुर श्रीमती दिप्ती माहेश्वरी (पहलगाम यात्री),सुश्री तारा अहीरवार, श्रीमती रचना शर्मा ,श्रीमती सुनीता उपाध्याय एवं गौरव शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि समझ में उपस्थित रहे।

# हरियालों राजस्थान अभियान के तहत प्रशिक्षण शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** हरित राजस्थान के संकल्प को साकार करने तथा सघन वृक्षारोपण को प्रभावी बनाने हेतु खान एवं भू-विज्ञान विभाग, राजसमन्द के तत्वावधान में पर्यावरण विकास संस्था एवं मार्बल माइन ओनर्स एसोसिएशन कार्यालय, केलवा में हरियालों राजस्थान अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण शिविर में खनि अभियंता श्री जिनेश हुमड़ ने उपस्थित खानधारकों को हरियालों राजस्थान मोबाइल एप के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस एप के माध्यम से किए गए पौधारोपण को ऑनलाइन दर्ज कर वृक्षारोपण की पारदर्शिता और निगरानी सुनिश्चित की जा सकती है। साथ ही सभी खानधारकों से आग्रह किया गया कि वे अधिकाधिक संख्या में पौधे लगाकर एप पर उसकी जानकारी अपलोड करें।एसोसिएशन अध्यक्ष श्री गौरव सिंह राठौड़ ने बताया कि पर्यावरण विकास संस्था एवं मार्बल माइन ओनर्स एसोसिएशन द्वारा खनन क्षेत्र में लगातार सघन वृक्षारोपण किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 तक 233 हेक्टेयर क्षेत्र में लगभग 2,80,000 पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। इस वर्ष के मानसून में 25,000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित कर वृक्षारोपण की शुरुआत कर दी गई है।शिविर में सहायक खनि अभियंता श्री ओमप्रकाश आयार, पर्यावरण विकास संस्था अध्यक्ष श्री रामनारायण पालीवाल सहित श्री मदन लाल सुरेचा, श्री मधुसूदन व्यास, श्री नारायणलाल तेली, श्री मंगल शिशोदिया, श्री सुरेशचन्द्र सांखला, श्री सोहनलाल तेली, श्री संजय पालीवाल, श्री मांगीलाल पालीवाल, श्री देवीलाल तेली, श्री विकास कोठारी, श्री सुनील कोठारी, श्री कैलाशचन्द्र जोशी, श्री देवीलाल बुनकर आदि सदस्य उपस्थित रहे।इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं सामूहिक भागीदारी से हरित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने का संदेश दिया गया।

# संपत्ति खरीदने से पहले करें ये काम: धौलपुर एसपी मेहरडा की सलाह- लेन-देन की रिकॉर्डिंग और दस्तावेज जरूर बनवाएं

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने जिले के लोगों को महत्वपूर्ण सलाह दी है। उन्होंने कहा कि संपत्ति खरीदते समय सभी जरूरी सावधानियां बरतें। कार्यालय में नियमित सुनवाई के दौरान देखा गया है कि लोग प्लॉट, मकान या खेत की



खरीद-बिक्री में लापरवाही करते हैं। एसपी ने बताया कि लोग रजिस्ट्री से पहले होने वाले लेन-देन का कोई लिखित दस्तावेज नहीं बनवाते। न ही वे पैसों के लेनदेन का वीडियो या फोटो रखते हैं। कई बार लोग बिना जांच-पड़ताल के विवादित जमीनों का सौदा कर लेते हैं। वे नगरपरिषद, नगरपालिका या पंचायत से जानकारी भी नहीं लेते। इससे भविष्य में विवाद होने पर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। एसपी मेहरडा ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की संपत्ति खरीदते समय सावधानी बरतें। रजिस्ट्री से पहले के लेनदेन का लिखित दस्तावेज जरूर बनवाएं। पैसों के लेनदेन का वीडियो या फोटो भी रखें। जमीन खरीदने से पहले मौके पर जाकर पूरी जांच करें। साथ ही संबंधित नगर निकाय से जमीन की स्थिति की जानकारी भी लें।

# भाजपा नेत्री नजदीकियों ने नपा कर्मचारियों को धमकाया, आयुक्त को दी देख लेने की धमकी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन ने भाजपा प्रत्याशी के नजदीकियों द्वारा कार्यालय में आकर वरिष्ठ सहायक संजीव मिश्रा को धमकाने व बीचबचाव में आयुक्त अशोक शर्मा को देख लेने की धमकी देने पर अपना आक्रोश व्यक्त किया है फेडरेशन ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया है कि दिलीप शर्मा व संदीप शर्मा किसी काम को लेकर नगर परिषद कार्यालय आए



।उन्होंने आयुक्त के चेम्बर में वरिष्ठ सहायक संजीव मिश्रा को बुलाया ओर काम नहीं करने का आरोप लगाकर अभद्रता की। आयुक्त अशोक शर्मा ने बीचबचाव किया तो दबंग उन्हें भी देख लेने की धमकी देते हुए भाग गए। इस घटना के बाद से नपा कर्मचारियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।फेडरेशन ने आरोप लगाया है कि भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा के सलाहकार दिलीप शर्मा व संदीप शर्मा काम कराने के लिए राजनैतिक दबाव बनाते है । नीरजा के नाम से डराते और धमकाते हैं। इस दौरान ज्ञापन देते समय लोगों ने बताया कि इस प्रकार की होने वाली घटना पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इससे पूर्व भी जगन भवन पर अतिक्रमण हटाने के दौरान संदीप शर्मा ने सफाई निरीक्षक नीरज चाहर से बदतमीजी की थी। वरिष्ठ सहायक संजीव मिश्रा के साथ घटित घटना ने नगर परिषद कर्मचारी भयभीत है। जिला कलेक्टर से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# हमारे गांव टीबी ना पसारे पांव के अंतर्गत भौमिक कल्याण सेवा अनाथ आश्रम में लगाया गया स्क्रीनिंग शिविर




बढ़ता राजस्थान

**सूरतगढ ( नि.स )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जयपुर के आदेशानुसार हमारे गांव टीबी ना पसारे पांव थीम पर चलाए जा रहे टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज अग्रवाल के निर्देशन में ब्लॉक टीबी यूनिट द्वारा चलाए जारहे जागरूकता अभियान के तहत आज भौमिक कल्याण सेवा अनाथ आश्रम में टीबी स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में टीपीटी और सीवाईटीबी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एसटीएलएस अश्वनी वर्मा ने कहा कि जिनको 15 दिन से अधिक लगातार खांसी आ रही हो, भूख नहीं लगती है, वजन कम हो रहा है, लगातार बुखार आ रहा है ऐसे लोग एक्स-रे और अपने बलगम की जांच जरूर कराए। शिविर में एनसीडी काउंसलर दीपक शर्मा ने कहा कि समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करवा कर इलाज शुरू करवाए और ऐसे लोग जिनका पहले हाइपरटेंशन, शुगर या अन्य कोई बीमारी की दवाई चल रही है उनको भी आवश्यक रूप से टीबी स्क्रीनिंग करानी चाहिए। इसके अलावा जिनमें टीबी के लक्षण पाए जाते हैं तो उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ में सीबीनाट की जांच के लिए भेजें। भौमिक कल्याण सेवा अनाथ आश्रम के नरेंद्र कुमार ने कहा कि हमारे आश्रम में जितने भी अनाथ और बेसहारा लोग रह रहे हैं उन सबकी टीबी जरूर कराएंगे। और दूसरों को भी जांच करने के लिए प्रेरित करेंगे। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत लगाए गए शिविर में एसटीएस करनैल सिंह, एसटीएलएस अश्वनी वर्मा, एनसीडी परामर्शदाता दीपक शर्मा, लैब टेक्नीशियन युवराज सिंह आदि ने सेवाएं दी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: ऐतिहासिक स्थलों पर हुआ योगाभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में शनिवार को जिलेभर में विविध स्थलों पर भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम ऐतिहासिक नौ चौकी झील पर आयोजित हुआ, जहां राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, जिला कलक्टर श्री बालमुकुन्द असावा, समाजसेवी जगदीश पालीवाल, आयुर्वेद संयुक्त निदेशक समंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में आमजन ने सहभागिता निभाई।कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ हिमांशु पालीवाल के नेतृत्व में सामूहिक योगाभ्यास सम्पन्न हुआ। मंच पर योग



प्रशिक्षक के रूप में भारतीय थल सेना के सब लेफ्टिनेंट श्री अक्षयराज सिंह और डॉ. रामकन्या मेनारिया भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर झील में नावों पर विशेष योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें भारतीय जल सेना के सब लेफ्टिनेंट श्री सिद्धार्थ पालीवाल के नेतृत्व में मनोहर लाल, दिव्यांशु, आशुतोष, सौभाग्य, धनंजय, सानिध्य, डॉ. गरिमा, डॉ. जाह्नवी, गार्गी, सौभाग्य, तनिष्क व राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी मुकुंद माधव ने भाग लिया और जल के मध्य योगाभ्यास कर अनूठा संदेश दिया।इसी क्रम में कुंभलगढ़ दुर्ग पर भी योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुंभलगढ़ विधायक श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड़, पर्यावरणविद एवं पद्मश्री से सम्मानित श्री श्यामसुंदर पालीवाल, उपखंड अधिकारी श्रीमती आकांक्षा दुबे सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ऐतिहासिक दुर्ग पर योग कर उपस्थित जनसमूह ने विश्व को भारतीय योग परंपरा का सशक्त संदेश दिया।योग दिवस के अवसर पर जिले के अन्य स्थानों पर भी उत्साहपूर्वक योग सत्र आयोजित किए गए, जिसमें सभी आयु वर्ग के नागरिकों ने भाग लिया और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने का संकल्प लिया।

# विभाग आपसी समन्वय से सभी योजनाओं को सफल बनाएं : गुप्ता

## हर योजना में अंतिम छोर तक बैठा व्यक्ति हो लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बागोरा )।** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग आयुक्त रोहित गुप्ता की अध्यक्षता में बजट घोषणाओं 2024-25, 2025-26 के साथ-साथ राज्य सरकार की फ़्लैगशिप योजनाओं समीक्षा बैठक का आयोजन शनिवार सुबह कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। इस दौरान जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, उप वन संरक्षक कस्तूरी प्रशांत सुले, एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा सहित जिले के समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में बजट घोषणाओं के तहत जारी समस्त विकास कार्य गुणवत्ता के साथ निश्चित टाइम लाइन में पूर्ण होना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार द्वारा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए लागू



विभिन्न योजनाओं की जानकारी बैठक में देते हुए इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिकतम लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में बजट घोषणाओं 2024-25 एवं 2025-26 की बारीकी से समीक्षा की गई। श्री गुप्ता ने प्रत्येक घोषणा की वर्तमान स्थिति, प्रगति एवं क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर असावा ने प्रत्येक घोषणा के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया।श्री गुप्ता ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ सक्रिय रूप से कार्य करें और जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।उन्होंने बजट घोषणा 2025-26 के तहत ऊर्जा विभाग अंतर्गत भीम क्षेत्र के धांसरिया और जालपा में 33/11 केवी जीएसएस के निर्माण कार्य, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अंतर्गत केलवा से आमेट, मादरी से लसानी ताल वाया आमेट-देवगढ़, चारभुजा से सेवन्त्री, तथा बडारडा पुठिया से फरारा महादेव तक कुल 70 से अधिक किलोमीटर सड़कों के निर्माण, सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य आदि की समीक्षा की। साथ ही स्वायत्त शासन विभाग द्वारा नाथद्वारा में शहरी सफाई एवं ठोस कचरा प्रबंधन कार्यों के साथ-साथ जलापूर्ति योजना के विस्तार हेतु तीन वर्षीय योजना की तैयारियों, पर्यटन विभाग द्वारा पिपलांत्री को इको-टूरिज्म के रूप में विकसित करने की योजना, चिकित्सा क्षेत्र में आत्मा व सांगठकला में उप स्वास्थ्य केंद्रों को पीएचसी में क्रमोन्नत करने एवं जिला चिकित्सालय में बेड क्षमता वृद्धि, उच्च शिक्षा विभाग के तहत भीम महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय की स्थापना को लेकर चर्चा की।

# बाड़ी में कीड़ी मोहल्ले के लोगों ने किया प्रदर्शन: बोले-सड़क खोदकर छोड़ी, पानी के रिसाव से हो रहे परेशान

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी के वार्ड 36 कीड़ी मोहल्ले के निवासियों ने उपखंड प्रशासन कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पार्षद भगवान सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक नागरिकों ने उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौंपा।मोहल्लेवासियों ने बताया-पेयजल पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदी गई। मगर बाद में मरम्मत नहीं कराई गई। बारिश के कारण अब पूरे मोहल्ले में कीचड़ भर गया है। इससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।पुरानी पेयजल पाइप लाइन कई जगहों से लीक हो रही है। नालियों का गंदा पानी पेयजल में मिल रहा है। लोग यह दूषित



पानी पीने को मजबूर हैं। जलदाय विभाग में कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मोहल्ले के एक पुराने सार्वजनिक मंदिर में पानी की व्यवस्था नहीं है। भक्तों को पूजा-पाठ में परेशानी होती है। लोगों ने मंदिर में हैंडपंप लगाने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में हुकम सिंह, रामदास, संजय शर्मा और जितेंद्र कुमार सहित कई लोग शामिल थे।नागरिकों ने इन समस्याओं को लेकर नगर पालिका प्रशासन और जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को भी ज्ञापन सौंपा है।

## संगम इंडिया लिमिटेड मे मनाया अंतराष्ट्रीय योग



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** स्थानीय संगम इंडिया लिमिटेड में 21 जून 2025 को 11 वा अंतराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। संगम इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन श्री रामपाल सोनी ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस की सभी को स्वास्थ्य एवं निरोगी रहने का संदेश दिया।मुख्य मानव संसाधन अधिकारी मनीष स्वामी ने बतया की संगम इंडिया की स्पिनिंग, वीविंग, प्रोसेसिंग ,डेनिम सहित विभिन्न इकाइयों द्वारा विभिन्न योगासन और ध्यान सत्र कराए गए,जिनका उद्देश्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर सभी इकाई के अधिकारी, स्टाफ आदि को इस आयोजन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए धन्यवाद दिया तथा योग के लाभों पर प्रकाश डाला और कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। संगम इंडिया लिमिटेड में योग के महत्व से सभी को जागरूक करने और योगाभ्यास के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से योग दिवस मनाया।

## छोटी काशी बूंदी मे निकली मंगलमुखी किन्नर समाज की भव्य कलशयात्रा

### सात दिवसीय शिव महापुराण व ज्ञान यज्ञ की शुरूआत



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** अखिल भारतीय मंगलमुखी किन्नर समाज बूंदी द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण व ज्ञान यज्ञ का भव्य कलाश यात्रा के साथ विधिवत शुभारंभ शनिवार को नैनवां रोड स्थित शुगन मैरिज गार्डन मे हो गया। शिव महापुराण व ज्ञान यज्ञ के पहले दिन कथाव्यास प0 संजय भारद्वाज ने शिव महापुराण का प्रथम प्रसंग सुनाया। इससे पूर्व शहर के आजाद पार्क से किन्नर समाज की और से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा की शुरूआत मे किन्नर समाज की और से मां हंसा देवी की विधिवत पूजा अर्चना करते हुये माता को पोशाक सहित श्रृंगार सामग्री अर्पित की। जिसके बाद आयोजको द्वारा प्रधान कलश की पूजा की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर सभापति सरोज अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल भी हंसा देवी मंदिर पहुंचे और मंगलमुखी काजल बाई व महामंडलेश्वर अंता की मन्नत बाई किन्नर का स्वागत किया। कलश यात्रा आजाद पार्क अहिंसा सर्किल, बस स्टेड, रणजीत टॉकीज चैराहा, बहादुर सिंह सर्किल होते हुये शुगन मैरिज गार्डन पुहंची जहां पंडित राजेन्द्र शर्मा ने कलश यात्रा की पूजा अर्चना करते हुये आरती कर अगवानी की। शिवमहापुराण का आनंद लेने की अपील कलश यात्रा के दौरान अखिल भारतीय मंगलमुखी किन्नर समाज बूंदी की जिलाध्यक्ष काजल बाई ने कहा कि देश की सुख समृद्वि खुशहाली, अच्छी बारिश की कामना के साथ छोटी काशी बूंदी मे सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन सुबह 12 बजे से 4 बजे तक शगुन मैरिज गार्डन मे आयोजित होगी।

### शिव सहज की प्रसन्न होकर मनोवांछित फल देने वाले है- कथाव्यास भारद्वाज

शिव महापुराण के पहले दिन शनिवार को कथाव्यास प0 संजय भारद्वाज बूंदी वाले ने शिव महापुराण का प्रथम प्रसंग मे शिव महिमा के बारे मे विस्तार से बताते हुये कहा कि शिव सहज की प्रसन्न होने वाले और मनोवांछित फल देने वाले है। शिव पुराण मे शिव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये उनके रहन सहन, विवाह, पूत्रो की उत्पति के रूप मे विशेष रूप से बताया। संगीतमय कथा के दौरान श्रोता मंत्रमुग्ध रहे और भाव विभोर होकर नृत्य करते कर रहे। पहले दिन कथा का समापन आरती के साथ हुआ।

### ये रहे शामिल

कलश यात्रा व शिव महापुराण के पहले दिन बूंदी मंगलमुखी काजल बाई, देवली से पायल बाई किन्नर, कोटा से रीना बाई किन्नर, अंता से सोनम बाई किन्नर, रेलामन से राजकुमारी बाई, बांरा से खुशबु बाई किन्नर व शिष्य निशा बाई, शालू बाई, करीना बाई, सारिका बाई, सोनम बाई मित्तल, नेहा बाई, मुस्कान, अनिता बाई, बेबी बाई, स्वीटी बाई, आरोही बाई, माही बाई, दीपीका बाई, कपूरी बाई सहित अन्य शिष्य और लोकेश सुखवाल, कीर्ति सुखवाल सहित अन्य धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

## कर्मो का फल हर इंसान को भोगना पड़ता है-प्रज्ञान सागर

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** अग्रवाल बड़े जैन मंदिर में धर्म सभा में जैन मुनि प्रज्ञान सागर महाराज ने अपने प्रवचनो में कहा कि इस संसार में गुरु- शिष्य, मां- बेटे के रिश्ते सबसे मजबूत रिश्ते होते हैं। गुरु ही ज्ञान द्वारा शिष्य का कल्याण करता है। मां अपने बेटे को संस्कार देकर संसार में जीने का मार्ग बताती है। मुनि ने एक उदाहरण देकर बताया कि एक नवीन जिनालय सेठ द्वारा बनाया गया उस जिनालय बाहर काफी संख्या में खूटीया लगी हुई थी। दर्शन करने वाले दर्शनार्थी ने उस सेठ से पूछा खूटीयां क्यों लगा रखी है। तब सेठ ने बताया कि जिनालय के बाहर खूंटियां इसलिए लगा रखी है कि जिनालय में दर्शन से पहले अपने राग द्वेष मन के बुरे परिणाम को इन खूटीयो के टाक कर मंदिर में प्रवेश करें तब ही उसका दर्शन करना सार्थक है। जैन मुनि प्रसिद्ध सागर महाराज ने बताया कि संसार में जीव कर्म' अनादि से अंत तक करता है। अकेला ही जन्म लेता है। अकेला ही मरता है। कर्मों का फल जो करता है उसे भोगना पड़ता है। पांच इंद्रियों को तृप्त करने के लिए यह जीव नाना प्रकार के पाप करता है। जब पाप उदय में आता है, तो यह जीव बहुत घबराता है। मनुष्य को अच्छे कर्म ही करना चाहिए। बुरे कर्मो से सदैव दूर रहना चाहिए।

### सैकड़ों योग साधकों ने किया सामूहिक योगाभ्यास, 'योग भी, वोट भी' का दिया संदेश

# 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम पर हुआ आयोजन

### सांसद, विधायक, जिला कलक्टर सहित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का किया आह्वान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( नि.स. )।** जिलेभर में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शांति भवन (जैन स्थानक) में किया गया। इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी व स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी आमजन को दिखाया गया, जिसे प्रतिभागियों ने रुचि के साथ देखा। प्रारंभ में कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास संपन्न हुआ। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी निकिता चौधरी के निर्देशन में ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वक्रासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी आदि योग मुद्राओं का अभ्यास कराया गया।

### हर उम्र में दिखा उत्साह - हुआ संकल्प

प्रात: 6 बजे से ही भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में प्रतिभागी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। स्कूली विद्यार्थी, एनसीसी, स्काउट गाइड व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि हम सदैव अपनी सोच में संतुलन बनाए रखेंगे, अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहेंगे और विश्व में शांति,



आनंद एवं स्वास्थ्य का प्रचार करेंगे।

कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन ओमप्रकाश मेहरा, एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया, सीईओ जिला परिषद चंद्रभान सिंह, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, यूआईटी सचिव ललित गोयल, उपनिदेशक आयुर्वेद महाराज सिंह, सहायक नोडल अधिकारी जी.एल. शर्मा, सीएमएचओ सी.पी. गोस्वामी सहित अनेक अधिकारी, संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं योग साधक उपस्थित रहे। मंच संचालन सत्यनारायण शर्मा ने किया।

### 'योग भी, वोट भी' अभियान के तहत दिलाई गई मतदाता शपथ

कार्य म के दौरान स्वस्थ लोकतंत्र को मजबूती देने के उद्देश्य से "योग भी, वोट भी" अभियान के तहत मतदाता शपथ कार्य म आयोजित हुआ। सांसद दामोदर अग्रवाल ने उपस्थित जनसमूह को शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को मतदाता पंजीकरण, नैतिक एवं अनिवार्य मतदान हेतु जागरूक किया गया। शपथ में सभी ने लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने एवं बिना किसी भेदभाव अथवा प्रलोभन के मतदान करने का संकल्प लिया। सांसद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान दिलाने की सराहना की। विधायक अशोक कोठारी ने योग मुद्राएं कर नियमित योगाभ्यास की प्रेरणा दी। जिला कलेक्टर संधू ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने ली मोर्चों की समीक्षात्मक बैठक

### श्यामप्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस व आपातकाल के 50 वर्ष पर होगी विचार गोष्ठी

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने जिला कार्यालय पर संगठन के सभी मोर्चा जिलाध्यक्षों की बैठक लेकर पार्टी स्थापना दिवस से लेकर अंतराष्ट्रीय योग दिवस तक के कार्यक्रमों की समीक्षा की। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक में जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने विगत 6 अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस से लेकर गांव बस्ती चलो अभियान, अम्बेडकर जयंती, वक्फ सुधार जनजागरण अभियान, अहिल्याबाई होलकर जयंती, तिरंगा यात्रा, सिंदूर यात्रा, संकल्प से सिद्धि तक अभियान, विकसित भारत संकल्प सभा सहित 17 से 20 जून तक आयोजित मंडल एवं जिला स्तर योग शिविर जैसे विभिन्न आयोजनों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस एवं 25 जून को आपातकाल के काले अध्याय के 50 वे वर्ष के उपलक्ष्य में 24 जून मंगलवार को जिला कार्यालय पर प्रात: 11.30 बजे विचारगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला संगठन आपातकाल के योद्धाओं को भी सम्मानित करेगा। बैठक में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकरलाल जाट, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष भगवत सिंह खैराबाद, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेंद्र मीणा, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष पूरण डीडवानिया, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष इमरान कायमखानी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू पालीवाल उपस्थित रहे।

## शिक्षक संघ शेखावत के राज्य परिषद सम्मेलन में कपासन ब्लॉक के पदाधिकारी भाग लेंगे



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत का राज्य परिषद सम्मेलन 22 एवं 23 जून को स्व. श्री सुलतान सिंह ओला मेमोरियल शिक्षक भवन सीकर में आयोजित होगा।जिसमे क्षेत्रीय जिला एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी भाग लेंगे। ब्लॉक कपासन अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी ने बताया कि राज्य परिषद सम्मेलन में चित्तौड़गढ़ संगठन के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी भाग लेंगे।उक्त दो दिवसीय सम्मेलन में सार्वजनिक शिक्षा को बचाने, निजीकरण को बढ़ावा देने वाली नई शिक्षा नीति के दूरगामी परिणाम,गैर-शैक्षणिक कार्यों के चलते शिक्षक वर्ग की कक्षा-कक्ष से बढ़ती दूरी,लंबित डीपीसी पर सरकार की स्तिथि,शिक्षकों के नीतिगत स्थानांतरण पर सरकार का रवैया,अंग्रेजी मीडियम विद्यालय सहित समस्त विद्यालयों में रिक्त पदों पर सरकार की नीति सहित विभिन्न विषयों पर गंभीरता से मंथन किया जायेगा।साथ ही दो दिवसीय राज्य परिषद सम्मेलन में प्रदेशभर से प्रांतीय कार्यकारिणी, जिला एवं व ब्लॉक कार्यकारिणी पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया जायेगा।

## योग दिवस पर योग शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले चौमहला गंगधार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पर पंचायत स्तर पर योग दिवस मनाया गया,कस्बे सहित क्षेत्र में योग शिविर आयोजित किए गए। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित शिविर में योग गुरु रमेश चंद पोरवाल ने योग कराया तथा योग के होने वाले फायदे बताए,कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ,भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक गायरी पूर्व मंडल अध्यक्ष गोतम जैन,जिला मंत्री करण सिंह, जिला उपाध्यक्ष जगदीश भावसार,पूर्व मंडल महामंत्री आदित्य कटारिया,व्यापार महासंघ सयोजक दिलीप जैन,किराना व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पिछोलिया,इलेक्ट्रॉनिक व्यापार संघ अध्यक्ष किशोर विश्वकर्मा,कार्यक्रम प्रभारी आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी प्रेमलता लुहार, सहित कई अध्यापक अध्यापिकाए उपस्थित रही। ,अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर न्यायालय परिसर चौमहला में एसीजेएम बृजपाल दान चारण की अध्यक्षता में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में पुलिस उप अधीक्षक गंगधार जयप्रकाश अटल के योग निर्देश पर सभी ने योग किया एवं न्यायाधीश बृजपाल दान चारण द्वारा सभी को मेडिटेशन करवाया गया। उक्त अधिकारियों ने सभी न्यायालय एवं पुलिस कर्मचारीगण तथा अधिवक्तागण को योग के महत्व के बारे में बताया एवं योग को नियमित रूप से जीवन में शामिल करने को कहा गया। योग शिविर में थानाधिकारी गंगधार अमरनाथ जोगी मय थाना गंगधार समस्त स्टाफ,न्यायालय समस्त स्टाफ एवं बार संघ अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## नांकेबंदी में पकड़ में आई चोरी की बाइक

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** बाइक चोरी प्रकरण में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चोरी की गई बाइक के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि सण्डिला निवासी हरिशंकर ने रिर्पोट देकर अवगत करवाया था कि उसकी होण्डा ड्रीम योगा बाइक को घर के दरवाजे के पास खड़ी की गई थी। सवेरे देखा तो बाइक वहां मौजूद नहीं थी। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज करके अनसुधान किया गया। पुलिस की नाकेबंदी के दौरान पुलिस ने चोरी की बाइक को जप्त करके आरोपी गौरव पुत्र रामफुल निवासी बोरदा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ हरमाड़ा थाना जयपुर में भी प्रकरण दर्ज है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को राशमी एवं कपासन न्यायालय में विभिन्न योगाभ्यास के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान





**कपासन( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को क्षैत्र के कपासन एवं राशमी न्यायालय परिसर में शनिवार को विभिन्न योगाभ्यास के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया।साथ ही सभी को प्रतिदिन व्यायाम करने हेतु प्रेरित किया गया। जानकारी अनुसार न्यायालय कपासन परिसर में योग दिवस के अवसर पर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कपासन एवं ताल्लुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सोलंकी की अध्यक्षता में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे अधिवक्ता गोविंद सिंह पंवार द्वारा विभिन्न योगाभ्यास कराए गये। इस दौरान अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ. महेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा योग दिवस आयोजित करने के महत्व के साथ योग से मानसिक एवं शारीरिक लाभ संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी निष्ठा पांडे वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं नीलम नाहर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट,अपर लोक अभियोजक सुरेंद्र सिंह सहित न्यायिक कार्मिकगण उपस्थित रहे। इधर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सिविल न्यायालय राशमी में विशेष योग सत्र का सिविल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट राशमी पृथा फौजदार की अध्यक्षता में आयोजन किया गया।ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी सचिव राहुल भास्कर ने बताया कि विधिक वातावरण में उक्त व्यायाम संबंधी गतिविधियां मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण एवं लाभदायी है। इस मौके पर न्यायिक मजिस्ट्रेट राशमी पृथा फौजदार द्वारा योगासन,प्राणायाम एवं ध्यान करने के स्वास्थ्यवर्धक लाभ पर प्रकाश डालते हुवे प्रतिदिन व्यायाम करने हेतु प्रेरित किया गया।साथ ही सरकार द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम घोषित की गयी है। जिसका उद्देश्य व्यक्तिगत स्वास्थ्य तथा पर्यावरणीय संतुलन के बीच गहरे संबंध को उजागर करना है। यहां न्यायालय स्टाफ द्वारा नियमित योग का अभ्यास करने की शपथ लेकर सभी को प्रतिदिन व्यायाम करने हेतु प्रेरित किया गया।

इंसान अच्छा या बुरा नहीं होता, बस वक्त अच्छा और बुरा होता है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# सीएम ने गडीसर तालाब पर की मंगल गंगा आरती

## डेढ़ घंटे देरी से पहुंचे भजनलाल शर्मा, वैदिक मंत्रों के साथ की पूजा अर्चना

बढता राजस्थान

**जैसलमेर (नि.स)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जैसलमेर की 2 दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को जैसलमेर पहुंचे। वे निर्धारित समय से डेढ़ घंटे देरी से जैसलमेर आए। जैसलमेर के सिविल एयरपोर्ट पर बीजेपी नेताओं ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से रात 9 बजे वे सीधे गड़ीसर तालाब पहुंचे। गड़ीसर तालाब पर उन्होंने पूजा अर्चना की व मंत्रोच्चार के साथ मंगल आरती में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ राजेंद्र गहलोत, मानवेन्द्र सिंह, विधायक छोटू सिंह भाटी, महंत प्रतापपुरी सहित कई बीजेपी नेता व स्थानीय लोग गड़ीसर तालाब पर मौजूद रहे।

गौरतलब है कि प्रदेशभर में 5 से 20 जून तक आयोजित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को जैसलमेर में प्राचीन गडीसर झील का पूजन व गंगा आरती कर अभियान का विधिवत समापन किया। मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से पूजा अर्चना की और गडीसर झील का जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक किया। इस दौरान झील के तट पर बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने सामूहिक गंगा आरती में शामिल होकर जल संरक्षण की प्रतिबद्धता जताई।

इस मौके पर ष्टरू ने कहा- राजस्थान को जल संपन्न राज्य बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत आज जैसलमेर स्थित गड़ीसर सरोवर में पूजन एवं संध्या आरती की तथा प्रभु से इस अभियान की सफलता एवं समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की।इस अवसर पर सांसद राजेंद्र सिंह गहलोत, विधायक छोटू सिंह भाटी, महंत प्रतापपुरी, जिला प्रमुख प्रताप सिंह सोलंकी, प्रभारी सचिव महेंद्र सोनी, संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह, जोधपुर रेंज आई जी विकास कुमार, जिला कलेक्टर प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, पूर्व सांसद कर्नल मानवेंद्र सिंह, समाजसेवी दलपत हिंग?ा, पूर्व विधायक सांगसिंह भाटी, डॉ. जितेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं ब?ी संख्या में आम जन मौजूद रहे।



### अहमदाबाद से आए जैसलमेर

दरअसल, शनिवार को खुहडी के रेतीले टीलों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लेने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार शाम को विशेष विमान से जैसलमेर पहुंचे। वे अहमदाबाद में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपानी को श्रद्धांजलि देकर जैसलमेर पहुंचे। वे निर्धारित कार्यक्रम से करीब डेढ घंटा लेट जैसलमेर पहुंचे।

### 12 पंडितों ने करवाई मंगल आरती व पूजा

शुक्रवार रात करीब 9 बजे ष्टरूभजनलाल शर्मा एयरपोर्ट से सीधे ग?ीसर लेक पहुंचे। वहां मौजूद 12 पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ उनको ग?ीसर तालाब की पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद वैदिक मंत्रों के साथ पानी का पूजन किया। पूजा के बाद उन्होंने ग?ीसर तालाब की पूजा अर्चना की। राजस्थान को जल संपन्न राज्य बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु संचालित %वंदे गंगा% जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जैसलमेर स्थित गड़ीसर सरोवर में पूजन एवं संध्या आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा - प्रभु से इस अभियान की सफलता एवं समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की।

### खुहडी में योग, तनोट मंदिर में करेंगे पूजा

प्राचीन गडीसर तालाब पर विधि विधान से पवित्र गडीसर तालाब की पूजा अर्चना व मंगल गंगा आरती की। ष्टरूभजनलाल शर्मा पूजा के बाद सीधे सर्किट हाउस पहुंचें। वे रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। वे शनिवार सुबह खुहड़ी के धोरों पर योग के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद वे भारत पाक बॉर्डर स्थित तनोट माता मंदिर जाएंगे। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद वे सीमा सुरक्षा बल के जवानों व अधिकारियों से मुलाकात कर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए साहस को लेकर उनकी हौसला अफजाई करेंगे।

### सर्किट हाउस में करेंगे जनसुनवाई

तनोट माता मंदिर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सीधे जैसलमेर स्थित सर्किट हाउस पहुंचेंगे। वे यहां जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई के बाद वे विशेष दोपहर करीब 2 बजे जयपुर के लिए रवाना हो जाएंगे।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने जैसलमेर सर्किट हाउस में की जनसुनवाई



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैसलमेर के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान शनिवार को जैसलमेर सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को सुनते हुए मौके पर ही अधिकारियों को संवेदनशीलता से उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।इस दौरान विद्युत, जलदाय, चिकित्सा, समाज कल्याण, शिक्षा, उद्योग, राजस्व, गृह, खनन, कृषि, सहित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जिला मुख्यालय पर नियमित रूप से जनसुनवाई कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

## जंतर मंतर, सिटी पैलेस और आमेर फोर्ट हुआ योगमय

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स)। जयपुर में शनिवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में शहर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने योगाभ्यास किया।



सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, सांसद मंजू शर्मा और बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को योग करने में परेशानी आई और वे कई योग क्रियाएं नहीं कर पाए।

वहीं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने जयपुर के ऐतिहासिक सिटी पैलेस में आयोजित भव्य योग शिविर में भाग लिया और योग की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज पूरी दुनिया भारतीय ऋषि परंपरा को सम्मानपूर्वक अपना रही है।

## बीसलपुर बांध में बढ़ने लगा पानी

### कोटा बैराज और पार्वती बांध का गेज बढा; 24 जून तक पूर्वी राजस्थान में भारी बारिश का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में मानसून आगमन के पहले से हो रही लगातार बारिश से बीसलपुर बांध में भी पानी आ रहा है। शनिवार को बांध का गेज 2 सेमी. बढ़ गया। बांध के ऊपर और उसके कैचमेंट एरिया में हुई करीब एक इंच बारिश से बांध में पानी आया, जिससे बांध का गेज आज 312.45 आरएल मीटर से बढ़कर 312.47 आरएल मीटर पर पहुंच गया। जलसंसाधन विभाग से मिली रिपोर्ट के मुताबिक बांध के ऊपर और कैचमेंट एरिया पर 15 जून से लगातार बारिश हो रही है, जिसके



कारण यहां बांध में हर रोज पानी की आवक हो रही है। 15 जून को बांध का गेज 312.45 आरएल मीटर था, जो शुक्रवार तक यही बना रहा। लेकिन कल हुई अच्छी बारिश के कारण बांध में पानी की आवक ज्यादा हुई, जिससे बांध का गेज 2 सेमी. बढ

### कोटा बैराज में भी पानी की आवक

इधर कोटा बैराज समेत अन्य बांधों में भी पानी की आवक हो रही है। एमपी, झालावाड़, चित्तौड़गढ़ में लगातार हो रही बारिश से चंबल नदी में पानी की आवका शुरू हो गई, जिससे कोटा में बने बांध के कल 2 गेट खोलकर वहां से 6 हजार क्यूसेक से ज्यादा पानी छोडा गया।वहीं धौलपुर स्थित पार्वती डेम का भी गेज आज 30 सेमी . ब? गया। कल बांध का गेज 218 आरएल मीटर था, जो आज ब?कर 218 .30 आरएल मीटर हो गया। इसी तरह रामसागर बांध का भी गेज 4 .97 आरएल मीटर से ब?कर 5 .09 पर आ गया।

## जोधपुर में बही बिजनेसमैन की कार, 3 की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (नि.स)।** जोधपुर में बरसात के कारण पुलिया की रपट पर भरे पानी से प्लाईवुड कारोबारी की कार फिसलकर नीचे नाले में गिर गई। 5 फीट गहरे पानी में डूबने से प्लाईवुड कारोबारी और उनके समधी-समधन की मौत हो गई।एक बुजुर्ग महिला को मौके पर मौजूद लोगों ने बचा लिया। हादसा दईजर क्षेत्र में ओटीसी के पास आटिया नाला पुलिया पर हुआ।जानकारी के अनुसार, प्लाईवुड कारोबारी हरिप्रकाश भंडारी (58) निवासी शांति नगर, डऊकिया हॉस्पिटल के पीछे, प्रतापनगर, सूरसागर रोड (जोधपुर) अपने रिश्तेदारों के साथ दईजर क्षेत्र में स्थित राधा रानी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे।कार में कारोबारी के बेटे के दादा ससुर संपत लाहोटी, दादी सास उर्मिलादेवी लाहोटी (72) और सुरज मानधना (70) भी बैठे थे। लाहोटी दंपती अपने दोहिते के जन्मदिन पर सूरत से जोधपुर आए हुए थे।

## बस-दो कारों की भिड़ंत, परिवार के 4 लोगों की मौत

**3 साल की दोहिती और नानी गंभीर घायल, ओवरटेक करने के चक्कर में मेगा हाईवे पर हादसा**

बढ़ता राजस्थान

**नागौर (एजेंसी)।** डीडवाना-कुचामन जिले में हनुमानगढ़-किशनगड़ मेगा हाईवे पर भीषण स?क हादसा हुआ। बस और दो कारों की भिड़त में एक परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। 3 साल की



दोहिती और उसकी नानी गंभीर घायल हो गई।एक्सीडेंट शनिवार दोपहर 1.45 बजे हाईवे पर परबतसर में ITI कॉलेज के सामने हुआ। बताया जा रहा है कि ओवरटेक करने की कोशिश में यह हादसा हुआ। हादसे में स्विफ्ट कार चकनाचूर हो गई। पुलिस ने मौके पर क्रेन की मदद से वाहनों को हटवाया और ट्रैफिक सुचारू कराया।जानकारी के अनुसार- सतनाम साखी ट्रैवल्स की स्लीपर बस किशनगढ़ की तरफ जा रही थी। इस दौरान पीछे से आई किआ कार ने बस को ओवरटेक किया। किआ कार सामने से आ रही स्विफ्ट से टकरा गई। टक्कर के बाद स्विफ्ट बस से भिड़ गई। स्विफ्ट कार किशनगढ़ से डीडवाना की तरफ जा रही थी।

### बच्ची और महिला को अजमेर रेफर किया

मौके पर जुटे लोगों ने परबतसर पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायलों को तुरंत परबतसर राजकीय उप जिला अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया।एक युवक को अजमेर रेफर किया गया था, जिसकी रास्ते में मौत हो गई। गंभीर घायल तुलसी देवी और उनकी दोहिती परी (3) को अजमेर जिला अस्पताल रेफर किया गया।एडिशनल एस पी जिनेन्द्र जैन ने परबतसर उप जिला अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

## प्रतापगढ़ के पूर्व राजघराने में नए महारावत का राजतिलक : भुवन्युसिंह सिसोदिया को 18 ठिकानों ने जताई निष्ठा, 6 रियासतों के प्रतिनिधि हुए शामिल

बढ़ता राजस्थान

**प्रतापगढ़ (उदयपुर) (नि.स)।** प्रतापगढ़ के पूर्व राजघराने के कुंवर भुवन्यु सिंह सिसोदिया का राजतिलक समारोह राजमहल परिसर में संपन्न हुआ। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उन्हें प्रतापगढ़ रियासत का नया महारावत घोषित किया गया। समारोह सुबह 10.30 बजे पगड़ी और राजतिलक की विधियों से शुरू हुआ। प्रतापगढ़ रियासत के अधीनस्थ 18 ठिकानों के प्रतिनिधियों ने नए महारावत को पारंपरिक नजराना भेंट किया। जयपुर,



सिरोही, उदयपुर, जोधपुर, जामनगर और सीतामऊ की रियासतों के प्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।राजमहल परिसर में राजपरिवार के सदस्य, पूर्व जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। समारोह में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। कार्यक्रम में 11ः30 बजे पारंपरिक भोज का आयोजन किया गया।

महाराणा विश्वराज सिंह की ओर से उनके ए.डी.सी. उपस्थित रहे। साथ ही मेवाड़ से विश्वराज सिंह के पुत्र, महाराज एवं महारानी संतरामपुर, युवराज सिरोही इंद्रवर्धन सिंह, जामनगर (गुजरात) से महाराजकुंवर अजय जड़ेजा (भारतीय क्रिकेटर) एवं अर्जुन जड़ेजा, टिहरी से महाराज, बड़वानी से युवराज सिद्धराज सिंह, प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) से मनीष सिंह, अनूप सिंह एवं संतोष सिंह सहित अनेक राजघरानों के सदस्य समारोह में शामिल हुए। बता दें कि प्रतापगढ़ के पूर्व महारावत जय सिंह का 9 जून को निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार वैदिक मंत्रों के साथ कालाकांकर गंगा तट के किनारे किया गया।

## उदयपुर सांसद बोले-BAP के लोग मेवाड़-वागड़ को बांग्लादेश बनाना चाहते : राजकुमार रोत लुटेरी गैंग का सरगना; ये युवाओं को पत्थरबाज बना रहे हैं

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स)।** उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने कहा- बीएपी की लुटेरी गैंग का सरगना राजकुमार रोत है। ये लोग मेवाड़-वागड़ को बांग्लादेश बनाना चाहते हैं। ये युवाओं को पत्थरबाज बना रहे हैं, देवताओं का अपमान कर रहे हैं।उन्होंने कहा- बांसवाड़ा-डूंगरपुर जिले और धरियावद-आसपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग इनसे खुद को लूटा हुआ महसूस कर रहे हैं। बीएपी लुटेरी गैंग के रूप में आगे आई है। इनके ?बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल को ACB ने पकड़ा है।

दरअसल, एक दिन पहले बांसवाड़ा-डूंगरपुर सांसद और भारत आदिवासी पार्टी (BAP) के नेता राजकुमार रोत ने उदयपुर सांसद रावत पर निशाना साधते हुए कहा था- वे न तो वे आदिवासी है और न उनमें मानवता और इंसानियत है। जवाबी हमले में उदयपुर सांसद ने राजकुमार रोत को लुटेरी गैंग का सरगना बता दिया।



### इनका एजेंडा नकारात्मक और खोखला

उदयपुर सांसद ने जिला परिषद सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- ये मेवाड़-वागड़ को बांग्लादेश बनाना चाहते हैं। यहां पर धर्मांतरण की रचना चला रहे हैं। इनको उचित स्थान पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीएपी वाले भ्रम फैला रहे हैं, बरगला रहे हैं। ये गाली-गलौज करते हैं, लेकिन अब समाज जान चुका है कि इनका एजेंडा नकारात्मक और खोखला है।

### बीएपी के लोगों का काम बीजेपी-आरएसएस को गाली देना

सांसद मन्नालाल रावत ने कहा- बीएपी के लोगों का काम बीजेपी, आरएसएस और वनवासी कल्याण आश्रम के लोगों को गाली देने का है। ये विकास के काम पर ध्यान भटकाने का काम करते हैं। ये व्रत करने वाली बहनों को गाली देते हैं।उदयपुर के जिला परिषद सभागार में उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा और भाजपा शहर अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ भी मौजूद थे।उदयपुर के जिला परिषद सभागार में उदयपुर सांसद डॉ . मन्नालाल रावत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा और भाजपा शहर अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ भी मौजूद थे।

### कांकरी डूंगरी प्रकरण की फाइल खोली जाए

सांसद मन्नालाल रावत ने कहा- कांकरी डूंगरी प्रकरण की पूरी जांच होनी चाहिए। डूंगरपुर के कांकरी डूंगरी में माहौल खराब करने वाले केस की फाइल खोली जाए। उसकी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NI) से जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि ये बांसवाड़ा, डूंगरपुर और उदयपुर में माहौल खराब करते हैं। इनका सरगना राजकुमार रोत है। उदयपुर सांसद ने रोत की टीम पर वसूली का आरोप लगाते हुए कहा- ये टीचर और स्टूडेंट को लूटते हैं, वसूली करते हैं। एमएलए बने और रिश्वत लेते पकड़े गए हैं, सबके सामने है। कानून व्यवस्था को भंग करने के लिए धमकी देते हैं।

### बीएपी का ईसाई धर्म फैलाने का एजेंडा है

मन्नालाल रावत ने कहा- बीएपी वाले मानगढ़ धाम जाकर घोषणा करते है जनजाति बहनें मंगलसूत्र नहीं पहने और सिंदूर नहीं लगाए। जबकि देश में मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। ये चर्च को मानने वाले लोग हैं। बीएपी का ईसाई धर्म फैलाने का एजेंडा है। ये लोगों को पत्थरबाज बना रहे हैं। कानून व्यवस्था भंग कर रहे हैं। ये देवता का अपमान कर रहे हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार